मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 233
मंगलवार, 11 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हंगामे के साथ शुरू हुआ बजट सत्र का दूसरा चरण, वोटर लिस्ट और एनईपी पर विपक्ष का सवाल

नई दिल्ली, 10 मार्च। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आजे से शुरू हुआ। पहले ही दिन विपक्ष और सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के माध्यम से कथित तौर पर हिंदी भाषा थोपे जाने को लेकर एक बार फिर टकराव देखने को मिला। डीएमके सांसदों ने केंद्र पर शिक्षा निधि रोकने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राज्य सरकार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए स्कूल फंड का इस्तेमाल करना उचित है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हमले का जवाब दिया और विरोध करने वाले सदस्यों पर एनईपी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही राहुल गांधी ने मतदाता सूची के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग उठाई। वहीं, संसद के दोनों सदनों ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और भविष्य के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।

लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर द्रमुक सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्षी दल पर तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य को बर्बाद करने का आरोप लगाया। पीएमश्री योजना को लेकर द्रमुक सांसद टी सुमति के पूरक प्रश्न पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के जवाब के बाद द्रमुक सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में द्रमुक सदस्यों के विरोध के बाद अपने वक्तव्य से एक शब्द वापस ले लिया और आसन ने भी इस शब्द को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए। कांग्रेस के कई सदस्यों ने केरल में आशा कार्यकताओं के आंदोलन का



विषय सोमवार को लोकसभा में उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बैठक बुलाकर मामले का समाधान किया जाए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, वीके श्रीकंदन और शफी परम्बिल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया।समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक पत्रकार की हत्या का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया और इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आग्रह किया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पर चुनाव जीतने के लिए भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध करने के साथ देश की अन्य भाषाओं का भी विरोध कर रही है। दुबे ने लोकसभा में शून्यकाल में कहा, द्रमुक पार्टी केवल भावना भड़काने का काम कर रही है। तमिल पुरानी है, लेकिन संस्कृत उससे भी पुरानी है। देश के किसी भी मंदिर में चले जाएं, तमिल, तेलुगु, कन्नड किसी भी वाले क्षेत्र में चले जाएं, सभी मंदिरों में आज भी पूजा संस्कृत में ही होती है। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2024 तक कार्ड, ऑनलाइन माध्यमों से और डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी के कारण लोगों को कुल 107 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में इस तरह की धोखाधड़ी से 177 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और द्रमुक की नेता कनिमोझि के बीच सोमवार को लोकसभा में उस वक्त तीखी नोकझोंक हुई। जब वे मतदाता सूची की कथित विसंगतियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के कार्यान्वयन से जुड़े अपने मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रहे थे। नोकझोंक उस समय शुरू हुई जब शून्यकाल के दौरान मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने के लिए बनर्जी खड़े हुए। कनिमोझी सहित द्रमुक के कई सदस्यों ने विरोध करते हुए मांग की कि उनकी पार्टी की सांसद सुमति को एनईपी, 2020 और इसके तीन-फॉमूर्ले के कार्यान्वयन पर उनकी बात रखने की अनुमति दी जाए।

जम्मू जा रही बस के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत, 11 घायल

जालंधर। पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को एक बस के ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जालंधर के काला बकरा इलाके के पास उस समय हुई जब बस राजस्थान से जम्मू जा रही थी। पुलिस ने बताया कि जब ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव की सड़क से जालंधर-पठानकोट राजमार्ग पर आई तो बस ने उसमें टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, बस चालक और एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य यात्रियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया।

सरकार ने पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर, 10 मार्च। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हाल में पेश किए गए बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने के लिए आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि राज्यभर में संचालित गौशालाओं और नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि इस साल 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रुपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री



ने कहा, हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की थी, जिसमें गौवंश के लिए शेड, खेली निर्माण और दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। उन्होंने बताया कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए बजट में गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी।

धर्मेंद्र प्रधान पर भड़के सीएम स्टालिन

तमिलनाडु, 10 मार्च। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर पलटवार किया है। धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राज्य सरकार को पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम एसएचआरआई) योजना को लागू करने के मुद्दे पर बेईमान और छात्रों का भविष्य बर्बाद करने वाला करार दिया था। एमके स्टालिन ने एक्स पर तमिल में कड़े शब्दों में लिखे एक पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान के अहंकार की निंदा की और कहा कि वह एक घमंडी राजा की तरह बोल रहे हैं और जिसने तमिलनाडु के लोगों का अनादर किया है, उन्हें अनुशासित किए जाने की आवश्यकता है।

एमके स्टालिन ने एक्स पर

लिखा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जो खुद को राजा समझते हैं, अहंकार से बोलते हैं, उन्हें अपनी जुबान पर नियंत्रण रखना चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी पर डीएमके सदस्यों के विरोध के बाद सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। पीएम श्री योजना पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रधान ने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन पर अपना रुख बदल दिया है, जिसमें केंद्र, राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों को मजबूत बनाने की परिकल्पना की गई थी। पूरक प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, एक समय था जब तमिलनाडु सरकार केंद्र सरकार के साथ (एनईपी पर) एमओयू पर हस्ताक्षर करने को तैयार थी। तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री के साथ कुछ सदस्य हमारे पास आए थे और उन्होंने सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे गैर-भाजपा शासित राज्य भी पीएमश्री योजना को स्वीकार कर रहे हैं। प्रधान ने कहा, हम तमिलनाडु को वित्तीय आवंटन कर रहे हैं, लेकिन वे प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे (द्रमुक) तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वे जानबूझकर राजनीति कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। वे छात्रों के साथ अन्याय कर रहे हैं और अलोकतांत्रिक तरीके से व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने द्रमुक पर तमिलनाडु के छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों को रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार सबके लिए काम कर रही है। प्रधान ने कहा, मेरी जानकारी है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एनईपी को स्वीकार करना चाहते हैं, लेकिन कुछ लोग उन्हें रोक रहे हैं जो भविष्य में मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री (स्टालिन) छात्रों के प्रति ईमानदार नहीं हैं। पीएमश्री योजना के तहत एनईपी 2020 के सिद्धांतों के अनुरूप देश में आदर्श विद्यालय स्थापित किए जाने हैं। मंत्री के जवाब के बीच ही द्रमुक के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदस्यों के हंगामे के बीच कुछ मिनट तक प्रश्नकाल संचालित किया।

महिला सुरक्षा को लेकर विजय ने साधा डीएमके पर निशाना

चेन्नई, 10 मार्च। चेन्नई की मेयर आर प्रिया ने अभिनेता से नेता बने विजय पर डीएमके सरकार की आलोचना करने के लिए पलटवार किया। विजय ने तमिलनाडु में महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहने का आरोप लगाया था। महिला दिवस के संदेश में विजय ने महिला सुरक्षा पर राज्य सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। क्या आप खुश हैं? आप तभी खुश रह सकते हैं जब आप सुरक्षित महसूस करें। मैं समझ सकता हूं कि जब आप असुरक्षित होते हैं तो खुश

होने के बारे में आपको कैसा महसूस होता है। विजय ने कहा कि आपने और मैंने डीएमके सरकार को चुना। लेकिन अब हमें एहसास हुआ है कि उन्होंने हमारे साथ विश्वासघात किया है। सब कुछ बदल सकता है। चिंता न करें, 2026 में हम उन लोगों को हटा देंगे जो महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे।

अभिनेता-राजनेता ने कहा परिवर्तन ही एकमात्र ऐसी चीज है जो स्थिर है। 2026 में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रही यह सरकार सत्ता से बाहर हो जाए। प्रिया ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विजय से आग्रह किया कि वे इस तरह के व्यापक बयान देने से पहले राजनीति की वास्तविकताओं से जुड़ें। उन्होंने अभी-अभी राजनीति में प्रवेश किया है और उन्हें और भी राजनीतिक वास्तविकताएँ देखनी हैं। मेयर ने सरकार की पहलों का बचाव करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से योजनाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने विजय की आलोचना को अनावश्यक बताते हुए कहा कि एक महिला के लिए केवल शिक्षा ही उसके साथ खड़ी होती है, जब उसके रिश्तेदार सहित सभी लोग उसे छोड़ देते हैं। हमारे मुख्यमंत्री ने इसे महत्व दिया है। विजय ने पहले भी तमिलनाडु में महिलाओं की सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाया था और राज्यपाल आर.एन. रवि से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय लागू करने का आग्रह किया था।

महाराष्ट्र में वधावन बंदरगाह 2030 तक चालू हो जाएगा : अजीत पवार

मुंबई, 10 मार्च। महाराष्ट्र के वित्त मंत्री अजीत पवार ने सोमवार को कहा कि पालघर जिले में विकसित किया जा रहा वधावन बंदरगाह वर्ष 2030 तक चालू हो जाएगा। पवार ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते समय यह घोषणा की।

वित्त मंत्री ने कहा, पालघर में बन रहा वधावन बंदरगाह 2030 तक चालू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुंबई के लिए तीसरा हवाई अड्डा वधावन बंदरगाह के पास बनाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का एक स्टेशन भी इस बंदरगाह के नजदीक बनेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की नई औद्योगिक नीति 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाख नौकरियों के सृजन पर केंद्रित होगी। पवार ने अपने बजट भाषण में कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र को विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है और 2047 तक इसकी अर्थव्यवस्था 1.5 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में नई स्वास्थ्य और वरिष्ठ नागरिकों की नीति होगी।

पवार ने अपने बजट भाषण में जल्द ही शिरडी हवाई अड्डे पर रात के समय विमानों के उतरने की सुविधा शुरू होने की भी घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि अगले महीने से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू उड़ानें संचालित होंगी।

क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

-ललित गर्ग

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म ह्यछावाह्न कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर ह्लजजियाह्व वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं।

शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

औरंगजेब की क्रूरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रूरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिन्दुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाए और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढ़कना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।

विदेशों में बढ़ते हिन्दू मंदिरों पर खतरे, मोदी सरकार को सख्त कदम उठाने की जरुरत

अशोक भाटिया

खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर से हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया के नेवार्क में खालिस्तान समर्थकों ने हिंदू मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थन में नारे लिखे हैं साथ ही उन्हें क्षतिग्रस्त भी किया है। ये मंदिर स्वामीनारायण मंदिर है। जिसकी दीवारों पर काले रंग से आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नेवार्क पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई।अमेरिका के हिंदू-अमेरिकन फाउंडेशन ने सोशल मीडिया पर मंदिर की कुछ तस्वीरों को शेयर किया गया है। इसके साथ ही फाउंडेशन ने कैप्शन में लिखा कि स्वामीनारायण मंदिर वासना संस्था को खालिस्तान समर्थकों ने निशाना बनाकर शकी दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखे हैं, साथ ही उसे क्षतिग्रस्त भी किया है । फाउंडेशन ने इस मामले की जानकारी पुलिस के साथ ही न्याय विभाग के नागरिक अधिकारों को भी दी है। फाउंडेशन का कहना है कि वो चाहती है कि इस घटना की जांच पुलिस इसे हेट क्राइम मानकर करे।

वहीं खालिस्तान आतंकवादी भिंडरावाले का जिक्र करते हुए बताया जा रहा है कि उसने हत्या के लिए हिंदुओं को निशाना बनाया है अब मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है ताकि लोगों खौफ पैदा हो सके। फाउंडेशन का कहना है कि इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि पुलिस इसे घृणा अपराध मानकर जांच करे। वहीं इस मामले पर सैन फ्रांसिस्को में मौजूद भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कड़ी आपत्ति जताई है। दूतावास ने स्वामीनारायण मंदिर पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने की कड़ी निंदा करते हुए बयान दिया है कि इस घटना से भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं।

वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है जब विदेशी सरजमी पर हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया गया हो । इससे पहले भी कई इस तरह के मामले सामने आए हैं। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में भी खालिस्तानियों ने मंदिरों को निशाना बनाया है। इस तरह की घटनाओं पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकार ने कई राजनयिक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया है। इसी साल अगस्त में खालिस्तानी समर्थकों ने कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया शहर में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की थी। साथ ही मंदिर के दरवाजे पर खालिस्तानी पोस्टर चिपका दिए थे। ये सारी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाके मेलबर्न में भी इसी साल जनवरी में ऐसा ही मामला सामने आया था। यहां स्वामीनारायण मंदिर पर भी खालिस्तान समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लिखे थे। वहीं एक दूसरे मंदिर इस्कॉन टेम्पल में भी हिंदुस्तान मुदार्बाद और खालिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लिखे गए थे।

कनाडा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि मंदिर में तोड़फोड़ से कनाडा में स्थित भारतीय समुदाय की धार्मिक भावना आहत हुई है। अपनी चिंता जाहिर करते हुए अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन से आपराधियों के खिलाफ कड़ी काररवाई करने की मांग की है।भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कनाडा सरकार को इस संबंध में संज्ञान लेने और मामले की जांच करने के संबंध में अपनी बात रखी है। भारतीय दूतवास ने घटना की कड़ी निंदा की है और हिन्दू धर्म के लिए पनप रही इस नफरत पर चिंता व्यक्त की है। कनाडा पुलिस ने मामले की सख्ती से जांच का आश्वासन दिया है। फिलहाल कनाडा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। यह पहली बार नहीं है, जब विदेश में किसी हिन्दू मंदिर की दीवारों पर भारत के विरोध में नारे न लिखे गए हो। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में भी ऐसी घटना सामने आई। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के श्री शिव विष्णु मंदिर की दीवारों पर रात के समय तथाकथित खालिस्तान समर्थकों ने नफरत भरे नारे लिखे थे। सुबह जब मंदिर प्रबंधन ने मंदिर में तोड़फोड़ और दीवारों पर नारे देखे तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास ने संघीय सरकार के सामने इस मुद्दे को उठाया था।

बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों और हिंदू धर्म को मानने वालों के खिलाफ जिस तरह की हिंसा भड़की वह तो सबने देखी, लेकिन अमेरिका जो खुद को लोकतंत्र की मिसाल बताता है। ऐसे देश में हिंदुओं के खिलाफ इस तरह की साजिश समझ से बाहर है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमला उस वक्त हो रहा था , जब यूनाइटेड नेशन में दुनियाभर के नेता वहां मौजूद थे । इसके बावजूद सब चुप्पी साधे हुए रहे ।

गौरतलब है है कि अब तक के जो मामले सुर्खियों में है जब हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ हुई हो । इनमे प्रमुख है 26 सितंबर, 2024 :- का है, जब सैक्रामेंटो अमेरिका में स्वामी नारायण मंदिर। 19 सितंबर, 2024 :- न्यूयॉर्क के बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हमले के बाद अपमानजनक नारे जैसे 'हिन्दुस्तान मुदार्बाद' तक लिखा गया। 5 जनवरी, 2024 :- कैलिफोर्निया के विजय का शेरावाली मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हमला किया गया। 23 दिसंबर, 2023 :- कैलिफोर्निया के एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला किया। वहां कई गंदे चित्र भी उकेरे गए। यानी मंदिर की पवित्रता को खत्म करने की कोशिश की गई। 20 जनवरी, 2023 :- ब्रेजोस वैली में श्री ओंकारनाथ मंदिर में चोरों ने चोरी की और कीमती सामान उड़ा लिया। उन्होंने मंदिर की एक खिड़की, दान पेटी और तिजोरी तक तोड़ दी। चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। 2 नवंबर, 2022 :- न्यूजर्सी के श्री उमिया धाम मंदिर में तोड़फोड़ की गई और 'मुक्त फिलिस्तीन' के नारे लिखे गए। 31 जनवरी, 2019 :- केंटकी के स्वामीनारायण मंदिर में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, काले रंग का छिड़काव किया, खिड़कियां तोड़ दी, दीवारों पर स्प्रे के जरिए स्लोगन लिखे गए।19 जुलाई, 2015 :- कैरोलिना के विहिप मंदिर पर गोलीबारी की गई। मंदिर पर 4 जुलाई 2015 की दोपहर करीब 1 बजे भी गोलीबारी हुई, जिसमें मंदिर की दीवारों पर 60 से अधिक छेद हो गए। 20 अप्रैल, 2015 :- न्यूयॉर्क के उत्तरी टेक्सास हिंदू मंदिर के प्रतीक चिन्हों को तोड़ दिया गया।

लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर पर खालिस्तान समर्थक समूह द्वारा हमले की कोशिश पर भारत सरकार ने गंभीर चिंता व्यक्त तो की है पर उसमें मंदिरों का जिक्र नहीं है पर उसमें कहा गया है कि कथित खलिस्तान के नाम पर ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों में कुछ आतांकवादी समूह न केवल सक्रिय हैं बल्कि कथित मानव अधिकार के नाम पर कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठन और राजनीतिक दल के नेता भी उनका समर्थन करते हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रतिपक्ष में रहकर वोट बैंक के लिए या भारत को कमजोर देखने के लिए उनका समर्थन करते रहे हैं। अब लेबर पार्टी सत्ता में हैं और वह भारत के साथ अच्छे संबंधों के लिए प्रयासरत है। ऐसी स्थिति में भारत का कड़ा विरोध आवश्यक है। लेकिन भारत में भी पाकिस्तान तथा अन्य देशों के माध्यम से फन्डिंग पा रहे कथित खालिस्तानी आतंकी अथवा नक्सली अब भी कुछ इलाकों में समय समय पर हमले की कोशिश करते हैं। उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस के समूह ने इसी सप्ताह खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल तथा पाकिस्तानी आई एस आई के सदस्य लजर मसीह को महाकुंभ में आतंकी वारदात की साजिश के सबूतों के साथ गिरफ्तार किया है।

योगी कैबिनेट में बदलाव और नये बीजेपी अध्यक्ष की भी सुगबुगाहट

-अजय कुमार

भारतीय जनता पार्टी के लिये उत्तर प्रदेश हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। सबसे अधिक सांसद और राज्य के तौर पर सबसे अधिक विधायक देने वाला यूपी इस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तेजतर्रार राजनीति के कारण हिन्दुत्व की प्रयोगशाला बन गया है। बीजेपी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में योगी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया था।हालांकि इसके बाद 2024 के आम चुनाव में बीजेपी को यहां से करारा झटका भी लगा था,यूपी में 70 सीटें जीतने का दावा कर रही बीजेपी गठबंधन को मात्र 36 सीटों पर जीत हासिल हुई थी,जबकि समाजवादी पार्टी कांग्रेस गठबंधन को 42 एवं आजाद समाज पार्टी को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी। इससे योगी की छवि पर काफी बुरा असर पड़ा। अखिलेश पिछड़ा,दलित और अल्पसंख्यक(पीडीए) का दम भरने लगे, परंतु विधान सभा के उपचुनाव में योगी फिर से मुखर होकर उभरे उन्होंने समाजवादी पार्टी को पूरी तरह से चित कर दिया। इसके बाद अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में भी बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए की हवा निकाल दी। मिल्कीपुर के मतदाताओं ने जाति बिरादरी से ऊपर बीजेपी को वोट किया। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव 2024 के बाद यूपी की सियासत में काफी बदलाव आ चुका है। उस पर महाकुंभ सोने पर सुहागा साबित हुआ,जहां जातपात से ऊपर उठकर 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पूरा प्रदेश ही नहीं देश भी हिन्दू मय हो गया। इन बदलावों के बाद अब योगी कैबिनेट में भी बदलाव की चर्चा हो रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि नवरात्रि में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कैबिनेट में बदलाव कर सकते हैं। वहीं यूपी में बीजेपी अध्यक्ष के नाम की घोषणा के साथ संगठन में भी फेरबदल हो सकता है ।इस बात के कयास तब से लगना शुरू हुए जब दिल्ली में प्रधानमंत्री से योगी की मुलाकात हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 09 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी. इस दौरान सीएम योगी ने पीएम से अप्रैल में जेवर एयरपोर्ट के लिए उद्घाटन का समय मांगा, लेकिन दोनों ही नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक चली मुलाकात के बाद यूपी मंत्रिमंडल विस्तार से लेकर संगठनात्मक बदलाव तक के कयास लगाए जाने लगे हैं. बता दें महाकुंभ आयोजन के बाद सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली आए थे. प्रधानमंत्री से मुलाकात से एक दिन पूर्व सीएम योगी ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी।

बता दें यूपी में बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष को लेकर लम्बे समय से मंथन चल रहा है,वहीं योगी कैबिनेट में 6 मंत्री पद भी खाली हैं. ऐसे में जेपी नड्डा और पीएम मोदी से सीएम योगी की मुलाकात को सरकार और संगठन में बदलावों पर सहमति बनाने के रूप में देखा जा रहा है. होली के बाद बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलना तय है, लेकिन सवाल यह उठता है कि योगी सरकार में भी फेरबदल होगा।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भले ही अभी दो साल बाकी हो, लेकिन हर समय चुनाव के लिये तैयार रहने वाली बीजेपी ने अभी से 2027 के यूपी विधान सभा चुनाव के लिये सियासी बिसात बिछाना शुरू कर दी है। बीजेपी के सामने चुनौती विपक्ष इंडिया गठबंधन, खासकर सपा के पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए पॉलिटिक्स की है. 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए पॉलिटिक्स की नैया पर सवार अखिलेश यादव ने बीजेपी को यूपी में तगड़ा झटका दिया. बीजेपी का सवर्ण-पिछड़ा-दलित वोट बैंक वाला समीकरण कमजोर हुआ तो प्रदेश का राजनीतिक दृश्य ही बदल गया था। हालांकि, विधानसभा उपचुनाव आते-आते सीएम योगी के नेतृत्व में बीजेपी ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था,तभी सीएम योगी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्होंने यूपी चुनाव 2027 की रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। इसको लेकर लगातार बीजेपी जमीन पर काम करती दिख रही है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि नवरात्रों में योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव कर सकते हैं. 2024 लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार योगी सरकार में बदलाव की संभावना जताई जा रही है. योगी सरकार में मंत्री रहे जितिन प्रसाद ने लोकसभा सांसद बनने के बाद इस्तीफा दे दिया था. बीजेपी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की जगह नए अध्यक्ष का चुनाव होना है. ऐसे में भूपेंद्र चौधरी की योगी कैबिनेट में वापसी हो सकती है, क्योंकि संगठन की बागडोर संभालने से पहले मंत्री रहे हैं. बता दें योगी सरकार में फिलहाल 54 मंत्री हैं जबकि अधिकतम 60 मंत्री हो सकते हैं. इस तरह यूपी सरकार में 6 मंत्री पद खाली हैं. इस तरह से योगी मंत्रिमंडल का विस्तार काफी दिनों से प्रस्तावित है. इसके अलावा योगी सरकार ने पिछले दिनों में अपने कई मंत्रियों के कार्य और जमीन पर उनके असर की समीक्षा की थी. इस आधार पर योगी मंत्रिमंडल में बदलाव की संभावना जताई जा रही है.

माना जा रहा है कि नवरात्रि में योगी मंत्रिमंडल में बड़ा बदलाव हो सकता है। योगी मंत्रिमंडल विस्तार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण समझा जा रहा है. बीजेपी कैबिनेट विस्तार के जरिए अपनी रणनीति को अमली जामा पहना सकती है. बात सपा की कि जाये तो समाजवादी पार्टी जिस तरह पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का जिताऊ फॉमूर्ला तैयार कर रही है, उसे मंत्रिमंडल के चेहरों से काउंटर करने की रणनीति पर विचार किया जा रहा है. इसके अलावा जमीन पर पकड़ रखने वाले नेताओं को योगी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है. इसके जरिए कार्यकताओं को एक बड़ा संदेश देने की रणनीति है. उत्तर प्रदेश में जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष का भी ऐलान हो सकता है। बीजेपी के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया प्रदेश में चल रही है. मंडल अध्यक्षों के बाद अब जिला अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करने में पार्टी जुटी हुई है. जिला अध्यक्ष की सूची में कुछ पेंच की वजह से अभी तक जारी नहीं की जा सकी है. ऐसे में सीएम योगी ने बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष के साथ संगठन के बदलाव पर चर्चा कर सहमति बनाने का फामूर्ला निकाला होगा.

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की जगह पार्टी की कमान कौन संभालेगा, इसे लेकर भी कई नामों पर कयास लगाए जा रहे हैं. बीजेपी के लिए यूपी काफी अहम है. इसलिए, अध्यक्ष के चुनाव में कई चीजों का ध्यान रखा जा रहा है. 2022 में जब भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तो उनकी सीएम योगी से ट्यूनिंग का ख्याल रखा गया था. अब नए प्रदेश अध्यक्ष में भी इस बात का ख्याल रखा जाना तय माना जा रहा है. माना जा रहा है कि होली के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है. इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के वर्ष 2027 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की दिशा और दशा का भी निर्धारण हो जाएगा.

बीजेपी संगठन में फेरबदल कर विपक्षी सपा के पीडीए समीकरण को ध्वस्त करने की पूरी रणनीति पर काम किया जा रहा है. बीजेपी के संगठन में जिला स्तर पर भी पिछड़ा और दलित वर्ग को विशेष तरजीह दी जा रही है. बीजेपी यादव जाति के नेताओं को भी संगठन में जिम्मेदारी दे रही है. लोकसभा चुनाव में सपा पीडीए को साधने के फेर में एक बड़े वर्ग को छोड़ती दिखी थी, लेकिन बीजेपी 80 फीसदी वोटों को साधने की रणनीति पर काम कर रही है.

यूपी संगठन बीजेपी की रणनीति तमाम जातियों को जगह देकर जमीनी स्तर पर सामाजिक समीकरण को साधने की है. सीएम योगी आदित्यनाथ कहते हैं कि यूपी में लड़ाई 80-20 की होने वाली है. मतलब समझाते हुए वे कहते हैं कि बीजेपी 80 फीसदी भाग पर कब्जा जमाएगी और अन्य दलों के पाले में महज 20 फीसदी सीटें आने वाली हैं. इस तरह बीजेपी की नजर 2027 में सत्ता की हैट्रिक लगाने की है, जिसके लिए ही सियासी ताना बाना बुना जाने लगा है. ऐसे में कैबिनेट विस्तार से लेकर संगठन में बदलाव कर एक मजबूत सियासी आधार तैयार करने की रणनीति है?

बदलते जमाने की रंग बदलती होली

-प्रियंका सौरभ

आज हम जो होली मनाते हैं, वह पहले की होली से काफी अलग है। पहले, यह त्यौहार लोगों के बीच अपार खुशी और एकता लेकर आता था। उस समय प्यार की सच्ची भावना होती थी और दुश्मनी कहीं नहीं दिखती थी। परिवार और दोस्त मिलकर रंगों और हंसी-मजाक के साथ जश्न मनाते थे। जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ₹हैप्पी होली₹ के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं।

–प्रियंका सौरभ

होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। ₹आओ राधे खेलें फाग, होली आई₹ के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए ₹हैप्पी होली₹ के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय की भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण ₹होली मुबारक₹ ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान खुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।

होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ कर

महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बजट : उदयप्रताप सिंह

मुंबई (उत्तरशक्ति)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री अजीत पवार द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट को अभूतपूर्व बताते हुए मुंबई भाजपा प्रवक्ता उदयप्रताप सिंह ने कहा कि यह राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बजट है। शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार, कृषि, टूरिज्म आदि के क्षेत्र में बड़े रचनात्मक काम होने जा रहे हैं। 50 लाख युवाओं को रोजगार, नवी मुंबई में 250 एकड़ में नई इनोवेशन सिटी, संगमेश्वर में छत्रपति संभाजी महाराज और मुंबई में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती के अवसर पर स्मारक बनाए जाने की घोषणा ने महाराष्ट्र के लोगों को खुशी से भर दिया है। लाडली बहन योजना के लिए 36 हजार करोड रुपए की घोषणा ने महिलाओं को गदगद कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, मजदूरों, युवाओं के लिए नई सौगात लेकर आया है।

आरएसएस बालसंस्कार केंद्र पर पत्थरबाजी से हड़कंप

- पत्थर बाजी कर तनाव निर्माण करने का मकसद
- घटना का जायजा लेते हुवे पुलिस बल तैनात

डोंबिवली (उत्तरशक्ति)। डोंबिवली पूर्व के चौधरीवाड़ा स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बालसंस्कार केंद्र में पत्थरबाजी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। इस केंद्र में रोजाना 8 से 15 वर्ष के बच्चों को राष्ट्रभक्ति और संस्कारों की शिक्षा दी जाती है। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है और उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिवम राठौड़ (23), जो ठाणे के आशा आईटी पार्क में नौकरी करते उन्होंने इस घटना की शिकायत तिलक नगर पुलिस ठाणे में दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, रविवार रात करीब 7:50 बजे बीएसयूपी बिल्डिंग, न्यू गोविंदवाड़ी से अज्ञात व्यक्तियों ने अंधेरे में सीमेंट और कंक्रीट के टुकड़े फेंके, जिससे बच्चों की जान को खतरा हुआ और धार्मिक तनाव फैलाने की कोशिश की गई। शिवम ने घटना की जानकारी प्रशांत काशिनाथ पिंगले को दी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरोवर होटल्स ने श्रीनगर में सरोवर प्रीमियर लॉन्च किया

मुंबई। सरोवर होटल्स ने श्रीनगर में अपनी तीसरी संपत्ति, सरोवर प्रीमियर श्रीनगर के लॉन्च की घोषणा की है। 83 कमरों वाला यह आलीशान होटल एक हलचल भरे शॉपिंग मॉल के भीतर स्थित है, जो शहरी सुविधाओं और श्रीनगर की शाश्वत सुंदरता का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है। इस होटल की वास्तुकला और आंतरिक सजावट में आधुनिक डिजाइन का उपयोग किया गया है, स्टाइलिश फर्नीशिंग्स और स्थानीय कला से सजी आधुनिक शैली की लॉबी कश्मीर की समृद्ध संस्कृति की शानदार छाप देती है। डीलक्स कमरों से लेकर दो-बेडरूम सुइट तक सभी कमरें आरामदायक बिस्तर और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित हैं। सभी कमरों में बड़ी खिड़कियां हैं जो श्रीनगर शहर और उससे आगे का मनमोहक दृश्य पेश करती हैं। भोजन के लिए, 5550 स्क्वायर फीट का मल्टी-क्यूजीन सुलेमान रेस्तरां स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्वादों वाले विविध मेनू के साथ पूरे दिन भोजन की सुविधा प्रदान करता है। यहां एक समय में 200 लोग बैठ सकते हैं और विभिन्न व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं, यहां अल्फ्रेस्को ओपन टेरेस भी है जहां मेहमान शहर के मनोरम दृश्य का आनंद लेते हुए अपने भोजन का आनंद ले सकते हैं। यह रेस्तरां कैज्युअल मील्स और शानदार डाइनिंग दोनों अनुभवों के लिए बहुत अच्छा है। इसके अलावा, होटल में 150 मेहमानों की क्षमता वाला एक सुसज्जित बैंक्वेट हॉल, हब्बा खातून है, जो कॉर्पोरेट कार्यक्रमों, शादियों और निजी समारोह के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। लूवर होटल्स इंडिया के निदेशक और सरोवर होटल्स के चेयरमैन अजय के बकाया ने कहा, ₹सरोवर प्रीमियर के लॉन्च के साथ श्रीनगर में विस्तार करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह नई संपत्ति बेजोड़ आतिथ्य और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अपने रणनीतिक स्थान और स्नेह भरे कश्मीरी आतिथ्य के साथ, सरोवर प्रीमियर श्रीनगर शहर के आतिथ्य उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करेगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुपोषण संगिनियों का सम्मान

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी खाद्य और एफएमसीजी कंपनियों में से एक अदाणी विल्मर लिमिटेड (अहछ) इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुपोषण संगिनियों को सम्मानित कर रही है। इसके लिए उन्होंने स्टोरीज ऑफ संगिनीजः ए ट्रिब्यूट टू देयर स्ट्रेंथ शीर्षक से चार-वीडियो सीरीज शुरू की है। इस सीरीज में विभिन्न संगिनियों के योगदान को दिखाया जाएगा, जो भारत के विभिन्न हिस्सों में फॉर्च्यून सुपोषण पहल के लिए ग्रामीण स्वयंसेवक हैं और जिन्होंने स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य और पोषण के बारे में शिक्षित करके उनके बीच सकारात्मक प्रभाव डाला है। 2016 में शुरू किया गया फॉर्च्यून सुपोषण कार्यक्रम अदाणी विल्मर की एक पहल है, जिसे अदाणी समूह की सीएसआर शाखा अदाणी फाउंडेशन द्वारा क्रियान्वित किया गया है। यह परियोजना अपने अनूठे दृष्टिकोण के साथ अनगिनत लोगों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही है, जिसमें ग्राम पंचायतों, स्थानीय शासी निकायों, स्वास्थ्य सुविधाओं और आशा कार्यकताओं सहित हितधारकों के साथ सक्रिय जुड़ाव शामिल है। लॉन्च की गई सीरीज का पहला वीडियो जिसका शीर्षक है स्टोरीज ऑफ संगिनीजः ए ट्रिब्यूट टू देयर स्ट्रेंथ एक संगिनी का अनुसरण करता है क्योंकि वह स्वास्थ्य जांच करती है, पोषण जागरूकता सत्र चलाती है, और महिलाओं के समूह को प्रशिक्षित करती है, साथ ही परियोजना का हिस्सा होने के दौरान अपने स्वयं के परिवर्तन की कहानियां करती है। एक सम्मोहक वॉयस ओवर जमीनी स्तर पर जीवन को नया रूप देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। श्री अंग्शु मलिक, मैनेजिंग डायरेक्टर - चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर, अदाणी विल्मर लिमिटेड ने कहा,सुपोषण संगिनी समुदाय स्तर पर परिवर्तन लाने वाली परिवर्तन की सच्ची वास्तुकार हैं। सभी समुदायों के लिए स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के लिए उनका अथक समर्पण सशक्तिकरण की भावना का उदाहरण है। फॉर्च्यून सुपोषण परियोजना हमारे लिए बहुत मायने रखती है, और हम कुपोषण और एनीमिया से निपटने की दिशा में इसकी प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। हमें इस प्रेरक वीडियो सीरीज के माध्यम से उनके अथक प्रयासों को प्रदर्शित करने का सम्मान मिला है और हमें उम्मीद है कि उनकी कहानियाँ कई और लोगों को अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने और अपने आस-पास के लोगों का उत्थान करने के लिए प्रेरित करेंगी। फॉर्च्यून सुपोषण पहल ने 14 राज्यों में अपनी शुरूआत के बाद से भारत भर में 34 से अधिक स्थानों पर अपने पंख फैलाए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला परिषद द्वारा महिलाओं को किया गया सम्मानित

पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग तथा महिला व बालविकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 8 मार्च 2025 को पालघर जिले के वाडा तहसील अंतर्गत गलतारे वाडा में स्थित इको गोवर्धन विलेज में विशेष महिला सम्मेलन व सत्कार समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संतोष चौधरी, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. मराड, निवासी वैद्यकीय अधिकारी डॉ.योगेश सुरडकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण भावसार के अलावा महिला व बालविकास विभाग के अधिकारी एवं तहसील स्तर के अनेक अधिकारी उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे की पत्नी सुनीता पालवे सहित अन्य अधिकारीयों की पत्नियां उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पोषण तथा समाज हित के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 परिचारिकाओं को फ्लोरेंस नाईट एंगल पुरस्कार 2023-24 से सम्मानित किया गया। वहीं 10 आशा वर्करों को दो वर्ष में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु आशा वर्कर्स विशेष सम्मान 2022-

2023 तथा 2023-24 से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर महिला व बाल विकास विभाग द्वारा 12 पर्यवेक्षिका, 36 आंगनवाड़ी सेविकाओं तथा 36 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को आदर्श आंगनवाड़ी पुरस्कार, जिसमें प्रथम क्रमांक को 5000 रुपए, द्वितीय क्रमांक को 3000 रुपए तथा तृतीय क्रमांक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।महिलाओं की गुणवत्ता और योगदान की पहचान करने के लिए 9 विशेष गुणों के आधार पर पुरस्कार प्रदान किया गया।1. सुसज्जित - अपने काम के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से काम करने वाली महिलाओं का सम्मान।2. सुव्यवस्थित स्वच्छता और व्यवस्थापन कौशल महिलाओं का गौरव3. सुसंस्कृत - उत्तम संवाद और आदर्श व्यवहार के लिए

4. त्वरित सेवाएं - तत्काल और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन

5. समयनिष्ठ - समय पर उत्तम नियोजन करने वाली महिलाओं हेतु

6. उत्साही - उन महिलाओं का सम्मान जो अपने काम में निरंतरता और ऊर्जा के साथ काम करते हैं

7. संवेदनशील - उन महिलाओं के प्रति सम्मान जो सार्वजनिक हित के अर्थ में सेवा करती हैं8. गुणवत्ता - उन महिलाओं के लिए जिनके पास उनके काम में लगातार गुणवत्ता है9. सहयोगी - उन महिलाओं का विशेष सम्मान जो सहयोग कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की महिलाओं को इस तरह के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इन विशेष गुणों के आधार पर कुल 90 महिलाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम को महिला और बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग विभाग के एक संयुक्त प्रयास के माध्यम से लागू किया गया था, जिन्होंने पोषण की स्थिति में सुधार करने वाली आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया गया। एसएएम (गंभीर तीव्र कुपोषण - एसएएम) एमएएम (मॉडरेट एक्यूट कुपोषण - एमएएम) रेंज में सुधार - 500 प्रति बालक। एम ए एम से सामान्य रेंज में सुधार - 500 प्रति बालक। एसएएम (सैम) को सामान्य (सामान्य) रेंज के लिए सुधार करने हेतु - ? 1,000 प्रति बालक भत्ता दिया गया। इस वर्ष 936 बच्चों के पोषण में सुधार किया गया है, और संबंधित आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रोत्साहन भत्ता डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में जमा किया जायेगा।

किया कैरेंस ने 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का मुकाम हासिल किया

मुंबई। भारत में प्रीमियम कार सेगमेंट में अग्रणी, किया ने घोषणा की कि उसकी फैमिली एमपीवी किया कैरेंस ने 36 महीनों में 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यह कार तेजी से अपनी श्रेणी में सबसे लोकप्रिय वाहनों में से एक बन गई है, जो भारतीय परिवारों को आराम, जगह, टेक्नोलॉजी और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है। किया कैरेंस की लोकप्रियता उसके टॉप वेरिएंट्स की मजबूत मांग में दिखाई देती है, जो कुल बिक्री का 24% हिस्सा रखते हैं। सनरूफ, मल्टी-ड्राइव मोड, वेंटिलेटेड सीट्स, किया कनेक्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं ने इन वेरिएंट्स को ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय बना दिया है। पॉवरट्रेन की बात करें तो, 58% ग्राहक पेट्रोल वेरिएंट को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि 42% ग्राहक डीजल वेरिएंट पसंद कर रहे हैं। वहीं, 32% ग्राहकों ने ऑटोमैटिक और ट्रांसमिशन को चुना, जो ड्राइविंग की सहजता और सुविधा को दशार्ता है। इसके अलावा, 28% ग्राहकों ने सनरूफ वाले वेरिएंट को चुना और कुल बिक्री का 95% हिस्सा 7-सीटर मॉडल्स का रहा, जिससे यह एक परफेक्ट फैमिली कार साबित होती है। किया इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सेल्स एवं मार्केटिंग), श्री हरदीप सिंह बरार ने कहा, ₹किया कैरेंस की सफलता हमारे इनोवेशन और भारतीय परिवारों की जरूरतों की गहरी समझ का प्रमाण है। अपने एडवांस फीचर्स, विशाल इंटीरियर और बेहतरीन सुरक्षा के साथ, कैरेंस ने फैमिली कार सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित किया है। 2,00,000 से अधिक परिवारों के भरोसे के साथ, यह मील का पत्थर हमारी बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है और हमें लगातार उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है। किया कैरेंस ने भारतीय बाजार के अलावा वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।

मॉन्डेलीज इंडिया ने 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को सहयोग दिया

मुंबई (उत्तरशक्ति)। मॉन्डेलीज इंडिया ने अपने 10 साल पुराने सीएसआर कार्यक्रम 'शुभ आरंभ' के तहत चार राज्यों-सोलन (हिमाचल प्रदेश), भिंड (मध्य प्रदेश), तिरुपति (आंध्र प्रदेश) और पुणे (महाराष्ट्र) में 200 हेल?थ एंड वेलनेस सेंटर्स को सहयोग दिया है। इस पहल से 800 से अधिक गाँवों में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाया गया, जिससे 14.5 लाख (1.45 मिलियन) से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच मिली, जो पहले सीमित इलाज के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। यह कार्यक्रम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार, गैर-संचारी रोगों के प्रभावी प्रबंधन और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देकर लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है। इससे यह सुनिश्चित किया जा सका है कि अधिक से अधिक परिवारों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं मिलें।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ और शिशु स्वास्थ्य में सुधार करना, गैर-संचारी रोगों के प्रबंधन को कारगर बनाना और लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक से अधिक परिवारों को जरूरी देखभाल मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं की इस बेहतरी के चलते स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की संख्या में 58% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ ही, 11,618 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें विशेष देखभाल के लिए रेफर किया गया, जबकि पाँच साल से कम उम्र के 7,800 से अधिक बच्चों को भी बेहतर चिकित्सा सेवाओं तक पहुँचने में मदद मिली है। इस कार्यक्रम का एक और सकारात्मक प्रभाव यह हुआ कि इससे लोगों के जेब से होने वाले चिकित्सा खर्चों में 21% की कमी आई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएँ अधिक सुलभ और किफायती बन गई हैं।

मॉन्डेलीज इंडिया की वीपी, सीजीए लीड (भारत एवं एएमईए), ओफिरा भाटिया ने इस पहल को लेकर कहा कि पिछले एक दशक से मॉन्डेलीज इंडिया समुदायों को सशक्त बनाने और लोगों की आजीविका सुधारने के लिए कार्य कर रही है। स्वास्थ्य सेवा को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में देखते हुए कंपनी ने सरकारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को और अधिक सक्षम बनाने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया। इस पहल के माध्यम से 800 से अधिक गाँवों तक प्रभावी रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने में सफलता मिली है। इस पहल के अनुभवों से पूरे देश में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी और यह समझने का अवसर मिलेगा कि सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाएँ और रोकथाम से जुड़ी सुविधाएँ कितनी महत्वपूर्ण हैं।

कल्याण में किराना दुकान में ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

कल्याण(उत्तरशक्ति)। कल्याण पूर्व में किराना दुकान में ठगी के मामले में कोलसेवाडी पुलिस ने दो आरोपियों पंकज गोपाल पाटील (साई सनम सोसायटी, साईनाथ नगर, ठाणे) और अनिल अरुण कांबले (गणेशवाडी, पाचपाखाडी, ठाणे) को गिरफ्तार किया है। बलराम बिल्डिंग, द्वारका नगरी, संतोष नगर, कल्याण पूर्व के विशाल दत्तू बोडके (22) ने शिकायत दर्ज कराई कि 26 फरवरी को तिसंगाव नाका स्थित आर. के. बाजार में दो युवकों ने 6,293 रुपये के किराना सामान की खरीदारी कर फर्जी फोन पे ऐप से बिल भुगतान का दिखावा कर धोखाधड़ी की। पुलिस उपनिरीक्षक सिराज शेख और सहायक पुलिस निरीक्षक दर्शन पाटील की टीम ने तकनीकी जांच के

बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 16,455 रुपये का किराना सामान और चार मोबाइल फोन बरामद हुए।यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे और सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणजी घेटे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश न्हायदे, निरीक्षक नाईक और उनकी टीम ने की है।

बैंकिंग क्षेत्र में भी महिलाओं को मिला सन्मान

मुम्बई (उत्तरशक्ति)। भारत की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाइनेंस ने महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित सात गोल्ड-लोन शाखाएं शुरू की हैं। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) में स्थित ये शाखाएं 'शक्ति' शाखा के रूप में जानी जाएंगी। इनमें से एक शाखा नालासोपारा में शुरू की गई है। परंपरागत उद्यम के उद्घाटन के बाद, आईआईएफएल फाइनेंस ने महिलाओं को वित्तीय सेवाओं में सशक्त बनाने के अपने उद्देश्य को फिर से सिद्ध किया है।

ये शाखाएं सभी ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करेंगी, लेकिन महिला उद्यमियों के लिए विशेष लाभ और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम उपलब्ध कराएंगी। आईआईएफएल फाइनेंस के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अभिराम भट्टाचार्य ने कहा, आईआईएफएल फाइनेंस के एक चौथाई ग्राहक महिलाएं हैं, जिनकी संख्या विशेष रूप से गैर-

बैंकिंग और कम बैंकिंग क्षेत्रों से आती है। इसके अलावा, शाखा स्तर पर हमारे पास बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी हैं। महिलाओं के लिए इस पहल के माध्यम से, हम वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और एक समावेशी व्यवसायिक पर्यावरण बनाने का उद्देश्य रखते हैं। प्रत्येक 'शक्ति' शाखा पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा चलाई जाती है, जिससे चालीस महिला पेशेवरों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इन वित्तीय सेवाओं के अलावा, ये शाखाएं महिला उद्यमियों को उनके व्यवसाय के विकास के लिए कौशल विकास कार्यक्रम उपलब्ध कराएंगी। आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन जोनल हेड, मनीष मयंक ने कहा, महिला उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और हमारे ग्राहक आधार का भी महत्वपूर्ण घटक हैं। शक्ति शाखाओं की शुरूआत के साथ, हम छोटे, गैर-बैंकिंग और कम बैंकिंग महिला उद्यमियों को ऋण और वित्तीय संसाधन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनर्जीवित करते हैं। महिला दिवस के विशेष अवसर पर, यह पहल शुरू की गई है।

हत्या के मामले में छह लोगों को आजीवन कारावास की सजा

कल्याण जिला सत्र न्यायालय का फैसला

कल्याण(उत्तरशक्ति)। अंबरनाथ-कटाई रोड पर स्थित दावलपाड़ा में छह लोगों पर हमला किया गया। इस हमले में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. एक की मौत हो गई थी. इस मामले में कल्याण जिला सत्र न्यायालय ने छह लोगों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही विभिन्न धाराओं के तहत करीब एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है. कल्याण जिला सत्र न्यायालय के न्यायाधीश आर. जी। वाघमारे ने यह फैसला सुनाया है.

मामले की विशेष लोक अभियोजक संगीता फड़ ने बताया कि दावलपाड़ा इलाके में रहने वाले दत्ता राणे और ज्ञानदेव राणे के घर की महिलाएं कपड़े धो रही थीं. कपड़े धोते समय धुले हुए कपड़ों का पानी सुरेश म्हात्रे के बंगले की ओर बह रहा था। सुरेश म्हात्रे ने अपने बंगले की ओर आने वाले पानी को रोक दिया।

उस वक्त कपड़े धो रही महिलाएं म्हात्रे के पास जाकर कहा कि पानी क्यो रोक दिया । इसी बात से गुस्साए म्हात्रे ने दत्ता राणे, ज्ञानदेव राणे समेत महिलाओं पर कुल्हाड़ियों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया. इस हमले में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए ज्ञानदेव राणे की मौत हो गई. यह घटना 3 मार्च 2018 को हुई थी. इस हत्याकांड में हिललाइन थाने में मामला दर्ज किया गया था. मामले की सुनवाई कल्याण जिला सत्र न्यायालय में हुई. अदालत ने इस मामले में 13 गवाहों से पूछताछ की. वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार घायलों की गवाही और मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद कोर्ट ने छह आरोपियों सुरेश सावलाराम म्हात्रे, प्रमोद रमेश म्हात्रे, जितिन सुरेश म्हात्रे, रमेश सावलाराम म्हात्रे, शत्रुघ्न सुरेश म्हात्रे और दर्शन सुरेश म्हात्रे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा विभिन्न धाराओं के तहत करीब एक-एक लाख का जुमार्ना भी लगाया गया है। सजा पाने वाले छह लोगों में जितिन म्हात्रे, शत्रुघ्न म्हात्रे और दर्शन म्हात्रे तीनों सगे भाई हैं। सुरेश म्हात्रे उनके पिता हैं।

न्यूगो ने बस में महिलाओं के कम्फर्ट और हाईजीन को बेहतर बनाने के लिए सिरोना के साथ साझेदारी की

मुंबई। ग्रीनसेल मोबिलिटी की भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस सर्विस न्यूगो ने महिलाओं की सेहत और स्वच्छता के लिए तरह-तरह के प्रॉडक्ट्स बनाने वाली मशहूर कंपनी सिरोना के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का मकसद महिलाओं को बस में सफर के दौरान ज्यादा सुविधा और आराम देना है। बस में महिला यात्रियों को फेमकेयर किट्स उपलब्ध कराई जाएंगी। इन किट्स में पीबडी स्टैंड एंड पी डिवाइस और 100% रैश-फ्री सैनिटरी पैड्स शामिल होंगे। ये किट्स सफर में महिलाओं को आरामदायक और सुरक्षित अनुभव देने के लिए डिजाइन की गई हैं। न्यूगो बसों में सफर करने वाली सभी महिला यात्रियों को ये किट आसानी से मिल सकेगी।

इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के लंबे सफर को आरामदायक और सुरक्षित बनाना, पीरियड्स के दौरान स्वच्छता की जरूरत को पूरा करना, मासिक धर्म से जुड़ी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ना और झिझक को दूर करना है। इस पहल को और खास बनाने के लिए 8 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेंगलुरु में न्यूगो बसों में सफर करने वाली सभी महिला यात्रियों को मुफ्त हाइजीन किट्स दी जाएंगी। इससे महिलाओं की स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके सफर को आरामदायक और सुरक्षित बनाने की ब्रैंड की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। ग्रीनसेल मोबिलिटी के सीईओ और एमडी देवेंद्र चावला ने कहा, न्यूगो में हम बस में सफर करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा, आराम और सम्मान प्रदान करना चाहते हैं। हम महिलाओं के लिए बस के हर सफर को चिंतामुक्त और आरामदायक बनाना चाहते हैं। सिरोना के साथ हमारी साझेदारी महिलाओं की यात्रा से जुड़ी जरूरी, लेकिन अक्सर नजरअंदाज किये जाने वाले हाइजीन प्रोडक्ट्स की उपलब्धता की जरूरत को पूरा करती है। न्यूगो बसों में महिलाओं को फेमकेयर किट्स देने की शुरूआत करने का मकसद महिलाओं को केवल स्वच्छता उत्पाद देना ही नहीं है, बल्कि मासिक धर्म जैसे विषय पर सामान्य बातचीत करने का माहौल बनाना है। हमारे समाज में आज भी पीरियड्स से जुड़ी बातें छिपाकर की जाती हैं। इस पहल से सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने में मदद मिलेगी। हमारा उद्देश्य देश की सभी महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव देने की प्रतिबद्धता को निभाना है। सिरोना हाईजीन के को-फाउंडर दीप बजाज ने कहा, सिरोना महिला स्वच्छता से जुड़ी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने और महिलाओं को जरूरी प्रॉडक्ट्स प्रदान करने में हमेशा आगे रहा है। सिरोना ने महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए कई नए प्रोडक्ट्स पेश किए हैं, जिसमें पीबडी, मेंस्ट्रुअल कप, सैनिटरी पैड और पीरियड पेन रिलीफ पैच शामिल हैं। न्यूगो के साथ साझेदारी ने हमें बस से सफर करने वाली महिलाओं तक अपने इस मिशन को आगे बढ़ाने की इजाजत दी है। इससे हम यह सुनिश्चित करते हैं कि बस में सफर के समय महिलाओं को वह आराम और आत्मविश्वास मिले, जिसकी वह हकदार हैं।

हम मिलकर भारत में महिलाओं के सफर को ज्यादा सुरक्षित, सम्मानजनक और आरामदायक बना रहे हैं। न्यूगो ने हमेशा महिलाओं की सुरक्षा और आराम के लिए आगे बढ़कर सक्रिय कदम उठाए हैं। न्यूगो ने महिलाओं की सुविधा के लिए इंडस्ट्री में पहली बार कई खास पहल की हैं। इन बसों में महिलाओं के लिए सुरक्षित पिंक सीट रिजर्व रखी गई है।

बस की लाइव लोकेशन को देखने के लिए जीपीएस ट्रैकिंग की व्यवस्था है। बस में सफर के दौरान महिलाएं 2477 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 1800 267 3366 पर कॉल कर सकती हैं।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com

स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

संयुक्त श्रीमाली महासभा द्वारा सामूहिक विवाह समारोह संपन्न, चार जोड़ों ने लिए सात फेरे

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।संयुक्त श्रीमाली महासभा के तत्वावधान में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में चार जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस समारोह में प्रदेश के कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और इस सामाजिक पहल की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु गुरु, राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली, विधायक आरके 'पटेल, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्य और वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह और अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली रहे।

सामूहिक विवाह समारोह को पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार संपन्न कराया गया। विवाह मंडप को भव्य रूप से सजाया गया था, और मंगलगीतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार

के बीच चार जोड़ों ने सात फेरे लिए। दूल्हा-दुल्हन और उनके परिजन इस आयोजन से बेहद खुश और भावुक नजर आए।

मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहा, ₹सामूहिक विवाह समाज में सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संबल मिलता है और विवाह समारोह का खर्च बोझ नहीं बनता। सरकार भी इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित कर रही है। राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयाल ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा, ₹यह पहल समाज में एक नई सोच को जन्म दे रही है। शादी सिर्फ दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन होता है, और ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है।पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने संयुक्त श्रीमाली महासभा की प्रशंसा करते हुए कहा, ₹यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक है। इससे न केवल गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मदद मिलती है। बल्कि समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को भी बल मिलता है।

विधायक आरके पटेल ने भी अपने संबोधन में सामूहिक विवाह को सामाजिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्य ने कहा कि नगर प्रशासन भी समाज में सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे समाज में परस्पर सहयोग और सद्भावना को बल मिलता है। समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने वर वधु को आशीर्वाद दिया और कहा यह एक नेक पहल है जिससे कि समाज के विकास होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष छोटेलाल शमाली ने समारोह के अंत में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं, जिसमें बर्तन, कपड़े और अन्य उपहार शामिल थे। इस मौके पर नवविवाहित जोड़ों के परिजनों की खुशी देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम का आभार राष्ट्रीय संयोजक राजेश माली राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सैनी ने व्यक्त किया। संचालन रामचंद्र मधुकर और राज सैनी ने किया। आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान महामंत्री रविकांत श्रीमाली और उपाध्यक्ष अमरदेव श्रीमाली, जिलाध्यक्ष अनिल श्रीमाली ने किया। इस मौके पर संरक्षक दिनेश पंडा, गौरीनाथ श्रीमाली, सुरेंद्र श्रीमाली, ओम नारायण श्रीमाली, राम लोचन श्रीमाली, अर्चना पुष्पाकर, शनि श्रीमाली, चन्दन श्रीमाली, लक्ष्मी नारायण श्रीमाली, राजू पंडा, रवि सैनी, राजेश सैनी, अशोक सैनी, संजय पंडा, आदि लोग मौजूद रहे।

पेंशनर्स की बैठक मे चिकित्सा प्रतिपूर्ति मे बिलम्ब पर आक्रोश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह अंध्यक्ष की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे गत माह की बैठक कार्यवाही की पुष्टि की गई। तत्पश्चात अध्यक्ष ने उपस्थित पेंशनर्स को संबोधित करते हुए प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक कार्यवाही से सदन कोअवगत कराते हुए स्थानीय स्तर पर समस्याओ को रखने का सदस्यो से आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री दिवाकर सिंह पूर्व ए0 डी 0एम0 ने पेंशनर्स को संगठन से जुड़ने का आह्वान करते हुए बताया कि ₹संघे शक्ति कलियुगे₹ जब आप संगठित होगे तभी आप की समस्याओ का त्वरित समाधान होगा । आप सब मिलकर संगठन को तन मन धन से सहयोग करके मजबूत करने का संकल्प लेकर संगठन को सुदृढ करे। कुछ बक्ताओ ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति मे बिलम्ब की स्थिति कुछ कार्यालयाध्यक्षो द्वारा उत्पन्न करने की स्थिति सदन मे रक्खा ,जिस पर ऐसे साथियो से लिख कर देने को कहा गया जिससे सम्बन्धित अधिकारी से संगठनात्मक कार्य वाही करके समस्या का समाधान कराया जा सके। बैठक मे संगठन का जनपदीय अधिवेशन पन्द्रह अप्रैल को कराने का प्रस्ताव अध्यक्ष ने प्रस्तावित किए जिसे सदन ने सर्व सम्मत से अनुमोदित कर दिया । बैठक को मुख्य रूप से सम्बोधित करते हुए राकेश कुमार श्रीवास्तव संरक्षक राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद, पेंशनर्स बरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, ओंकार मिश्र, प्रमोद तिवारी, अजयसिह, वी वी सिंह, शेष नाथ सिंह, गोरखनाथ माली, कृपाशंकर उपाध्याय, कंचन सिंह, के के तिवारी, अशोक कुमार मौर्य, बी डी सिंह, राजपति बिश्वकर्मा, नन्दलाल सरोज, भारत यादव, ओमप्रकाश सिंह, सूबेदार यादव, राम सूरत यादव, दसरथ राम आदि ने सरकार से पेंशन राशिकरण की कटौती दस वर्ष करने,पेंशनर्स की पेंशन मे क्रमसःपैसठ बर्ष पर पांच, सत्तर बर्ष पर दस एवं पचहत्तर बर्ष पर पन्द्रह प्रतिशत करने,अठ्ठारह माह के बकाया डी आर का भुगतान करने की सरकार से मांग करते हुए हर संघर्ष मे सहयोग का संकल्प ब्यक्त किया गया। वैठक का संचालन राम अवध लाल द्वारा किया गया।

पत्रकार की हत्या पर जौनपुर पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम समेत दर्जनों की संख्या में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के जरिए सरकार से मांग की गई है कि पत्रकार राजेंद्र वाजपेई के हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसी के साथ परिजन को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी दी जाए। क्षेम ने कहा कि पत्रकार जनता की आवाज को शासन और प्रशासन तक पहुंचने का कार्य करता है। ऐसे में यदि पत्रकारों की जान को खतरा होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा ? विदित हो कि सीतापुर में पत्रकार राजेन्द्र वाजपेयी की हत्या कर दी गयी थी। वे अपनी बाइक से लखनऊ-दिल्ली नेशनल से गुजर रहे थे कि बदमाशों ने टक्कर मारकर उनकी बाइक गिरा दी उसके बाद कई राउंड गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम, डा. मधुकर तिवारी, रामदयाल द्विवेदी, शशिशेखर सिंह, राजेश मौर्य, राजकुमार सिंह, जेड हुसैन बाबू, दिलशाद अहमद शानू, बोला विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

पीडीए एकता 2027 में भाजपा को साफ करने जा रही है : सुनील सिंह साजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम समाजवादी पार्टी विधानसभा बदलापुर ब्लाक महराजगंज के माताफेर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमला बाजार में कल रविवार सायं 4 बजे सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन रहे। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव एवं ज़िला महासचिव आरिफ हबीब रहे। कार्यक्रम में पहुंचने के पूर्व संबंधित मार्गों पर जगह जगह राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील कुमार साजन का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की आयोजक पूर्व प्रमुख जयंती यादव ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह साजन को चांदी का मुकुट, अंगवस्त्रम एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत सम्मान

किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने कहा कि पीडीए विचारधारा की लड़ाई वही लड़ाई है जिसे महात्मा गांधी, बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं डॉ राममनोहर लोहिया ने लड़ा था। इसी लड़ाई को आखिरी सांस तक मान्यवर कांशीराम और नेताजी मुलायम सिंह यादव ने लड़ा आज उसी लड़ाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। पीडीए समाज को संकल्प लेकर अपने अधिकारों, सम्मान, आरक्षण, संविधान, वोट के अधिकार को बचाए रखने एवं स्वर्णिम भविष्य के लिए एकजुट होकर सामंती ताकतों से लड़ना होगा। उन्होंने आगे कहा कि पीडीए एकता ने 2024 में भाजपा को हाफ कर दिया यही पीडीए एकता 2027 में भाजपा को साफ करने का काम करेगी। उन्होंने शानदार पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम के लिए आयोजक पूर्व प्रमुख जयंती यादव को बधाई दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य एवं पूर्व प्रमुख जयंती यादव ने किया। कार्यक्रम को पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव एवं सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्याम नारायण बिंद ने संबोधित किया। कार्यक्रम में आयोजक पूर्व प्रमुख जयंती यादव ने विशिष्ट अतिथि गण जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव एवं ज़िला महासचिव आरिफ हबीब सहित सभी बूथ, जोन एवं सेक्टर प्रभारियों को भी अंगवस्त्रम के माध्यम से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव राजन यादव, ज़िला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, केशजीत यादव, ज़िला सचिव गुलाब यादव, डॉ विकास भास्कर, यूथ के राष्ट्रीय सचिव विकास यादव, सपा अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित गौतम, संजय यादव बदलापुर, शिक्षक सभा के अध्यक्ष डॉ ईश्वरलाल यादव, प्रदेश सचिव लालबहादुर यादव, अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव समरबहादुर यादव एडवोकेट, पंडित जितेंद्र शर्मा, नीतू शर्मा जिलसचिव, विधानसभा महासचिव अशोक निषाद, संजय गौतम, राहुल यादव, अरुण यादव सहित सैकड़ों सपाजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। समाजवादी पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राम अभिलाष यादव ने अपने साथियों संग गीत के माध्यम से पीडीए एकता का आवाहन किया कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष रामजतन यादव एवं मंगला यादव ने किया। आभार ज्ञापन पूर्व प्रमुख जयंती यादव एवं विधानसभा महासचिव अशोक निषाद ने किया।

गाजीपुर: ट्रांसफार्मर विस्फोट के मामले में लाइनमैन और एसएसओ बर्खास्त, एसडीओ व जेई निलंबित

गाजीपुर (उत्तरशक्ति)। दिलदारनगर क्षेत्र के उसियां गांव में आईस फैक्ट्री पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर अवैध रुप से लगाते समय हुए विस्फोट से चार लोगों के गंभीर रुप से घायल होने के मामले को ऊर्जा मंत्री ने गंभीरता से लिया है। ऊर्जा मंत्री ने तुरंत एक्शन लेते हुए ट्रांसफार्मर लगाने में शामिल सब स्टेशन आफीसर आजाद सिंह कुशवाहा और लाइनमैन मंटू सिंह कुशवाहा को बर्खास्त करते हुए उनकी सेवा को समाप्त कर दिया है। इस प्रकरण में ऊर्जा मंत्री ने जेई शशिकांत पटेल और एसडीओ कमलेश कुमार को भी निलंबित कर दिया है। ऊर्जा मंत्री ने अपने आदेश में अवैध कार्य में लिप्त मंटू निवासी खजूरी, सद्दाम खान निवासी उसियां के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस दुर्घटना में कुछ गंभीर बाते आयी हैं। गाजीपुर जिले में ट्रांसफार्मर सहित विद्युत तंत्र के अवैध कारोबार करने एवं उसमे माफियाओं का हाथ और उनको राजनैतिक संरक्षण भी देने की संभावना दिखाई दे रही है।

युवा व्यवसायी की सड़क हादसे में मौत

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गांव के पास फोरलेन पर रविवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवा व्यवसायी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं कस्बे के व्यापारियों ने शोक की लहर फैल गई। जानकारी के मुताबिक कस्बा निवासी मनोज निगम उर्फ कल्लू (28 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल से एक रिश्तेदार को लेकर बलुआ गांव स्थित मौसी के घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह बुरी तरह घायल हो गए। उनके साथ बैठे व्यक्ति ने घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिता साहब लाल, मां शांति देवी और पत्नी करिश्मा निगम का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की तीन वर्षीय बेटी सोनम अपने पिता को पुकारते हुए बिलख रही थी। वहीं डेढ़ माह के बेटे शिवांश और दूसरा बेटो देवांश के सिर से पिता का साया उठ जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। इधर, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी गई है।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीतापुर दिवंगत पत्रकार के परिवार से करेंगे मुलाकात

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। आपको बताते चलें सीतापुर के महोली स्थित निवासी राघवेंद्र वाजपेई की 8 मार्च को गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी गई थी।राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद इस घटना की घोर निन्दा करते हुए मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की हैं। संगठन के मुखिया देवेंद्र कुमार मिश्रा 11 मार्च को समय 10:00 बजे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सीतापुर से मिलकर दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के विरोध में ज्ञापन देंगे।उसके बाद दिवंगत परिवार के निवास महोली पहुंचकर मुलाकात करेंगे यह जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी राजीव भारती ने देते हुए कहा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद दिवंगत परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ईश्वर से प्रार्थना करता है। दिवंगत राघवेंद्र वाजपेई की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को अशहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

वाराणसी में बंद किए जायेंगे तीन कूड़ाघर, डोर टू डोर कूड़ा उठान का बढ़ेगा दायरा

डॉ. एस.के.मिश्र

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद में स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए नगर निगम प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए डोर टू डोर कूड़ा उठान का कवरेज बढ़ाया जा रहा है। वहीं शहर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत टीम जल्द ही वाराणसी आएगी। यहां निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को भेजेगी। जिसके आधार पर रैंकिंग दी जाएगी। पिछली बार शहर में कूड़ा घर होने की वजह से कम रैंकिंग मिली थी। ऐसे में इस बार नगर निगम ने कूड़ा घरों को खत्म करने की कवायद शुरू कर दी है। जहां से कूड़ा घरों को खत्म किया जाएगा। वहां पौधे लगवाए जाएंगे। वहीं वाहनों की धुलाई के लिए प्लेटफार्म का निर्माण कराया जाएगा। वहां बोरिंग भी कराई जाएगी। शहर में 21 कूड़ा घर थे। इनमें 18 को पहले ही बंद किया जा चुका है। शेष बचे तीन कूड़ा घरों को खत्म करने की तैयारी है। इंग्लिशिया लाइन, शिवपुर और सोनिया स्थित कूड़ा घरों को बंद किया जाएगा।

शाहगंज पुलिस ने मार्फिन के साथ किया गिरफ्तार

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे।अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण तथा प्र0नि0 शाहगंज के कुशल नेतृत्व में शाहगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर 01 शातिर आरोपी 1.बृजेश कुमार पुत्र जितेन्द्र निवासी ठकठौलिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को मार्फिन (नशीला पदार्थ) के साथ मड़वा मोहिउद्दीनपुर के पास से आज दिनांक 10.03.2025 को समय 10:32 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0081/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर में 11 मार्च 2025 को रोजगार मेला

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला सेवा योजना अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में 11 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय आई0टी0आई0 परिसर सिद्दीकपुर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियॉ महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विस, निमसन हर्बल प्रा0लि0, जे0पी0वी0एम0 प्रा0लि0, चैतन्य फिन क्रेडिट प्रा0लि0, वर्टो बिजसर्व ग्लोबल सॉल्यशंस प्रा0लि0, एल0टी0 कस्ट्रंक्शन स्क्रील ट्रेनिंग संस्थान आदि के द्वारा पदवार ट्रेड उत्कर्ष बैंक, सुपरवाईजर असिस्ट्रेन्ट मैनेजर, सुजरवाईजर,स्ट्रेर कीपर, कस्टमर ऑफिस, पैकर, कंस्ट्रक्शन टेक्निकल पदों पर रोजगार मेलें में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यताः- हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0 आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया की रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी0प्रुफ सहित एवं वेब पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए, रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

ब्लाक प्रमुख ने किया प्रतिक्षालय एवं लघु सिंचाई कार्यालय का उद्घाटन

खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज ब्लाक के सोंधी खेतासराय स्थित कार्यालय परिसर में नव निर्मित प्रतिक्षालय एवं लघु सिंचाई कार्यालय का ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह ने सोमवार को उद्घाटन किया। ब्लाक परिसर में प्रतिक्षालय और लघु सिंचाई कार्यालय बनने से किसानों को काफी सुविधा मिलेगी। यह प्रतिक्षालय और कार्यालय पंचम राज्य वित्त योजना अंतर्गत 9.34 लाख रुपए की लागत से बना है। इस मौके पर बीडीओ पीयूष त्रिपाठी, प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, अवर अभियंता रमेश कुमार, एडीओ आईएसबी प्रमोद कुमार सिंह, रिंकू सिंह, रहमान मन्नू, विजय कश्यफ, शशिकुमार सिंह, मो. अल्ताफ, साफ शेख, हरिश्याम वर्मा मौजूद रहे।

विद्यार्थी कॉरपोरेट की गतिविधियों से होंगे परिचित: प्रो. वंदना सिंह

कॉपोरेट कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर कुलपति ने की बैठक विश्वविद्यालय में 25 मार्च को होगा कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में सोमवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव की तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। बैठक में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि कॉपोरेट कॉन्क्लेव में देश के कारपोरेट सेक्टर के विशेषज्ञ विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। इससे जहां एक तरफ विश्वविद्यालय

के विद्यार्थी कॉरपोरेट सेक्टर में हो रही गतिविधियों से सीधे परिचित होंगे। विश्वविद्यालय अपनी गतिविधियों को कॉरपोरेट सेक्टर को परिचित करा सकेगा। कॉरपोरेट कॉन्क्लेव के लिए उन्होंने गठित समिति के सदस्यों से विचार विमर्श किया. कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाला कॉपोरेट कॉन्क्लेव विद्यार्थियों के बहुत हितकर है।उन्होंने विभागाध्यक्षों से विद्यार्थियों के बड़ी संख्या में सहभागिता लिये चर्चा की. कॉपोरेट कॉन्क्लेव के समन्वयक प्रोफेसर अविनाश पाथीर्डेकर ने कहा कि कॉपोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन 25 मार्च को विश्वविद्यालय में होगा जिसमें एक दर्जन से अधिक कॉरपोरेट सेक्टर के उच्च पदों पर कार्यरत लोग जुड़ेंगे। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए समानांतर सत्रों का आयोजन भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज कॉपोरेट सेक्टर में तेजी से प्रगति और परिवर्तन हो रहे है ।विद्यार्थी उसके लिए अपने को तैयार कर सके यह बहुत जरूरी है ।इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, डॉ. राजकुमार सोनी, डॉ. आशुतोष सिंह, उप कुलसचिव अमृत लाल, डॉ. रसिकेश, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. नृपेन्द्र सिंह समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

गुमशुदा युवती को दो घण्टे के अन्दर बरामद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा गुमशुदा की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान मुस्कान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सुरेरी के नेतृत्व में उ0नि0 रुद्रधर चौबे मय हमराह म0का0 प्रिया पटेल द्वारा अथक परिश्रम से रोशनी पुत्री राम आसरे जैसवार थाना सुरेरी जनपद जौनपुर को समय करीब 22.15 बजे दिनांक 09.03.2025 को सकुशल बरामद कर उसकी माँ उपरोक्त को सुपुर्द किया गया। जिससे उसके पूरे परिवार में खुशी की माहौल रहा तथा आम जनता द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। बरामद करने वाली पुलिस टीम- 1.उ0नि0 रुद्रधर चौबे थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 2.म0का0 प्रिया पटेल थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में तीन करोड़ के प्रस्ताव पर लगी मुहर

ब्लाक प्रमुख ने विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर देते हुए समस्याओं को दूर करने का सदन को भरोसा दिलाया

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)।मार्च शाहगंज ब्लाक के सोंधी स्थित कार्यालय सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तीन करोड़ रुपए से कार्य कराए जाने वाले विकास कार्य सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं ब्लाक प्रमुख मंजू सिंह ने विकास कार्यों को कराए जाने पर जोर दिया। सदन को भरोसा दिलाया कि जो भी समस्याएं हैं उसे पूरा करने की कोशिश की जाएगी। इससे पहले पिछली कार्यवाही पर चर्चा हुई। नए प्रस्ताव को एजेंडे में शामिल किया गया। वर्ष 2025-26 के सभी विकास कार्यों की कार्य योजना पर विचार कर अनुमोदन किया गया। चर्चा के दौरान ग्राम प्रधानों ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार और

राशन वितरण में धांधली का आरोप लगाया। सीडीपीओ सुरेश कुमार यादव ने सफाई दी तो ग्राम प्रधानों ने विरोध जताया। बीडीओ पीयूष त्रिपाठी ने प्रधानों को शांत कराते हुए वितरण का कार्य ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में कराने का सीडीपीओ को निर्देश दिया। सप्लाई विभाग से किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के मीटिंग में उपस्थिति न होने पर सदस्यों और प्रधानों की मांग पर बीडीओ ने उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजने का आश्वासन दिया। प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने चार साल का साथ बेमिसाल बताया। कहा कि गत पंचवर्षीय योजनाओं की तुलना में वर्तमान पंचवर्षीय योजना में अधिक कार्य हुआ। संचालन कमलाकांत मौर्या ने किया। बैठक में एडीओ पंचायत रमेश कुमार यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी सोंधी डा.सूर्य प्रकाश यादव, चिकित्साधिकारी डॉ, मसूद अहमद खान,शिवमूर्ति यादव, संजय यादव, कृपाशंकर राजभर, त्रिलोकी नाथ बिंद, संदीप द्विवेदी, एडीओ आइएसबी, प्रमोद कुमार सिंह, सचिव विनोद कुमार यादव, रिंकू सिंह, अल्ताफ अहमद, रहमान मन्नू, विजय कश्यफ, सफर शेख, अवधेस तिवारी,आदि लोग मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक से आधा दर्जन विभाग के अधिकारी रहे नदारद

खेतासराय। सोमवार को क्षेत्र पंचायत शाहगंज सोंधी की बैठक ब्लाक सभागार में हुई जिसमें लगभग आधा दर्जन विभाग के कर्मचारी बैठक में नही पहुंचे जबकि बैठ की सूचना पूर्व में विभाग को अवगत करा दिया गया था। बैठ में आपूर्ति विभाग,शिक्षा विभाग, पेयजल मिशन, खेलकूद, बिजली विभाग, पशुपालन, विभाग के लोग बैठक से नदारद रहे इन विभाग की प्रगति पर सदन में चर्चा नही हो पाई और उनके विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी सदन को नही हो पाई न ही इन विभाग की समस्या का समाधान हो सका। इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी पीयुष त्रिपाठी ने कहा नदारद विभाग से पत्राचार किया जाएगा था स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

तीन आरोपी चोरी की 02 जानवर के साथ गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सरपतहाँ पुलिस टीम द्वारा 03 आरोपीगण को चोरी की 02 पड़िया के साथ किया गया गिरफ्तार- ।पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। विशेष अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष सरपतहाँ के कुशल नेतृत्व में थाना सरपतहाँ पुलिस टीम द्वारा 03 आरोपीगण को क्रमशः भूपेश चौहान पुत्र सुरेश चौहान निवासी ग्राम साडी जगदीशपुर थाना अखंडनगर उम्र करीब 22 वर्ष, धीरज चौहान पुत्र रामसिंह चौहान निवासी ग्राम साडी जगदीशपुर थाना अखंडनगर उम्र करीब 20 वर्ष, सचिन पुत्र संजय नि0 ग्राम गैरवाह(पश्चिमपुरा) थाना सरपतहा जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष को 02 चोरी की पड़िया के साथ दिनांक-10.03.2025 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान सम्बन्धित न्यायालय किया

घाटकोपर में सैकड़ों महिलाओं को आदर्श माता पुरस्कार से सम्मानित किया गया

मुंबई। घाटकोपर पश्चिम स्थित पाटीदार सभागृह में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन महापालिका माध्यमिक शिक्षक संघ , मुंबई सहकार मित्र सुरेश डावरे महापालिका माध्यमिक शिक्षक व कर्मचारी पतसंस्था मर्यादित, मुंबई द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने कठिन परिश्रम से अपने बच्चों को चिकित्सक, इंजीनियर, अधिवक्ता, एम. बी.ए., सी.ए., सी.एस., एम. एस., एम. पी.एस. सी., और पीएचडी जैसी उपाधि हेतु उच्च शिक्षित बनाने वाली सैकड़ों माताओं का सत्कार किया गया ।जिसमें प्रमुख रूप से सविता अंबरसिंग मगर को उनकी सुपुत्री मंजिरी अंबरसिंग मगर को बी.ई. मैकेनिकल जैसी उच्च शिक्षा हेतु एवं मीरा देवी सुभाष रजक को उनकी सुपुत्री रितिका सुभाष रजक को बीपीओ जैसी महत्वपूर्ण उपाधि हेतु आदर्श माता पुरस्कार महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अरूण भाई गुजराती , पूर्व नगरसेवक प्रकाश गंगाधरे , सहकार मित्र सुरेश डावरे एवं अध्यक्ष आप्पासाहेब बागल ने संयुक्त रूप से प्रदान किया ।इस अवसर पर कई गणमान्य उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से अरूण इंगले(संघ जनरल सेक्रेटरी), सुनील चौधरी (उपाध्याक्ष), सुरेश आभाले(सचिव), सुभाष वाघमारे (सहसचिव), राधेश्याम राठोर(संस्था कोषाध्यक्ष), सुभाष रजक(संघ कोषाध्यक्ष) , अंबरसिंग मगर, विद्या डावरे, अनिल कुमार सिंह, सुनील पाटील, प्रज्ञा देसाई, ज्ञानदेव पाटील, मिलींद चन्ने, संजीवनी घोडेकर सहित सैकड़ों महिला शिक्षिका, शिक्षक एवं उनके उच्च शिक्षित सुपुत्र एवं सुपुत्री उपस्थित थे।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। अहरौला थाना क्षेत्र के सजनी गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। इस हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अहरौला थाना के जियरोपुर गांव निवासी विजय बहादुर यादव (70) किसी काम से साइकिल से फुलवरिया बाजार के लिए निकले थे। वह जैसे ही सर्विस रोड पकड़ कर सजनी गांव के पास बने पोखरे के सामने पहुंचे ही थे कि बाइक ने टक्कर मार दी। विजय बहादुर एक पुत्र व तीन पुत्री के पिता थे।

फोर्स एनएक्सटी का नया अभियान

पटना (उत्तरशक्ति)। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड फोर्स एनएक्सटी ने आधुनिक पुरुषों के लिए इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे (एक्टिववियर) का सबसे पसंदीदा ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह आराम, शैली और आत्मविश्वास का बेहतरीन संयोजन पेश करता है। फोर्स एनएक्सटी के नवीनतम अभियान में साहसिक नारा ₹ फॉर व्हाट्स एनएक्सटी ₹ प्रस्तुत किया गया है, जो यह दशार्ता है कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगी वस्त्र नहीं रह गये हैं, बल्कि व्यक्तिगत शैली, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, ₹इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगिता तक सीमित नहीं हैं; वे आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और शैली का अभिन्न हिस्सा बन गये हैं। अपने नवीनतम अभियान के माध्यम से हम दिखाना चाहते हैं कि फोर्स एनएक्सटी इनरवियर को एक नया आयाम दे रहा है। इसे पुरुष गर्व के साथ प्रदर्शित कर सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे वे अपने किसी भी अन्य पहनावे को दिखाते हैं।

अचानक टेंट की गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

पादरी बाजार ,गोरखपुर। शाहपुर इलाके के शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर नंबर 3 स्थित कोजी टेंट की गोदाम में रविवार की सुबह 10:30 बजे भीषण आग लगने मोहल्ले में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और धू-धू कर गोदाम में रखे त्रिपाल, मैट अन्य सामान जलने लगे। सूचना पर शाहपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। हालांकि, किसी ने शार्ट सर्किट बताया तो कुछ गोदाम के उत्तर तरफ कूड़ा जलाने से आग लगने की बात कर रहे हैं। फिलहाल, शाहपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम जांच कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर नंबर 3 में दो भाईयों नरेंद्र और अभय श्रीवास्तव का लगभग 20 सालों से कोजी टेंट के नाम से गोदाम हैं। नरेंद्र ने बताया कि लगभग 12 कर्मचारी है। उनका टेंट का सामान कई मैरिज हालों में जाता हैं। रविवार की सुबह कर्मचारी ने सूचना दी की टिनशेड वाली गोदाम में आग लग गई हैं। उन्होंने बताया कि गोदाम में लगभग 20 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। गोदाम का बीमा भी है। शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर नंबर 3 में आग लगने की सूचना पर फायर की ब्रिगेड तीन बड़ी गाड़ी और दो छोटी गाड़ी पहुंची, लेकिन 100 मीटर पहले मोड़ पर एक टेलीफोन की अनुपयोगी पोल होने से फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी अंदर नहीं जा पाई।

कंटेनर और कार की भीषण टक्कर,पांच लोगों की मौत

बस्ती(उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन पर बस्ती के नगर थाना क्षेत्र के गोटवा के पास सोमवार सुबह लाइन बदल रहे कंटेनर में लग्जरी कार की टक्कर हो गई। कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान शिवराज सिंह पुत्र होमपाल सिंह, जिला संभल, शकील पता अज्ञात, बिस्वजीत पता अज्ञात, बहारन पता अज्ञात, डॉ प्रेम पुत्र नंदलाल, तरकुलही जसोपुर थाना खोराबार गोरखपुर के रुप में हुई है। वहीं, घायलों की पहचान छागूर यादव पुत्र उमा यादव, जिला गोपालगंज, भुआल पुत्र शंभू प्रसाद, गोपालगंज बिहार, अनिरुद्ध पुत्र सूर्यनाथ, थाना खोराबार के रुप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस्ती की तरफ जा रहा कंटेनर अचानक लाइन बदलने लगा। तभी सामने से आ रही कार की भीषण टक्कर हो गई। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार लोग भी बुरी तरह से दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह से वाहन को काटकर कार से अंदर से लोगों को निकाला। पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों लाइन में जाम लग गया। मृतकों में एक की पहचान हो पाई है जो कार का चालक है।

मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने सात क्रांतिकारी इनोवेटर्स को किया सम्मानित

मुंबई (उत्तरशक्ति)। भारत में प्रभावशाली नई तकनीकों को बढ़ावा देने वाले अग्रणी संगठन मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) ने आज जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स के 10वें संस्करण का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दो सख्त चयन प्रक्रियाओं के बाद सात नवप्रवर्तकों (इनोवेटर्स) को चुना गया, जिनकी खोजों और तकनीकी समाधानों से उद्योगों और समाज में बड़ा बदलाव आ सकता है। इस चयन प्रक्रिया का नेतृत्व व्यावसायिक और सामाजिक प्रभाव के विशेषज्ञों ने किया। देशभर से आए 1,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए ये विजेता अपने अनोखे विचारों से उद्योगों में क्रांति ला रहे हैं। बिजनेस कैटेगरी में चुने गए नवप्रवर्तकों में एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीस, चारा टेक्नोलॉजीस, इंद्रा वाटर और स्कायरूट एयरोस्पेस शामिल हैं। एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीस ई-बैण्ड स्पेक्ट्रम में भारत के पहले वाणिज्यिक उत्पाद का इस्तेमाल करते हुए ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में बेतार दूरसंचार सेवाओं को उन्नत बना रही है, चारा टेक्नोलॉजीस इलेक्ट्रिक व्हीकल्स तथा औद्योगिक मशीनरी के लिये रेयर-अर्थ मैग्नेट-फ्री इलेक्ट्रिक मोटर सिस्टम्स विकसित कर रही है, इंद्रा वाटर सीवेज/ उद्योगों के खराब पानी को पुनःचक्रित करने के लिये एक विकेन्द्रीकृत एवं मॉड्यूलर वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम का इस्तेमाल कर रही है, जबकि स्कायरूट एयरोस्पेस दुनिया के सैटेलाइट परिचालकों को अंतरिक्ष में किफायती एवं मांग के

आधार पर पहुँच दे रही है।

सोशल कैटेगरी में असिस्टेक फाउंडेशन डिसैबिलिटी टेक्नोलॉजी के अभिनव स्टार्ट-अप्स को इंक्युबेट करता है, रॉकेट लर्निंग शुरूआती बचपन की शिक्षा को बेहतर बनाती है और आंगनवाड़ी कार्यकताओं की अपस्किलिंग पर केन्द्रित है। जबकि पीपुल्स आर्काइव ऑफ रुरल इंडिया (पीएआरआई) एक डिजिटल आर्काइव के माध्यम से ग्रामीण भारत की कहानियों का संरक्षण करती है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने भारत और दुनिया में डिजिटल पेमेंट्स को सभी की पहुँच में लाने के लिये ग्लोबल गेम-चेंजर अवार्ड जीता।

मैरिको लिमिटेड के चेयरमैन और मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष मैरिवाला ने कहा, इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स की खासियत यह है कि यह उभरते क्षेत्रों के नवप्रवर्तकों को उनके शुरूआती दौर में पहचानकर सम्मानित करता है। बीते नौ संस्करणों में 70 इनोवेटर्स को सम्मानित किया गया, जिनमें से 80% ने समय की परीक्षा को सफलतापूर्वक पार किया और अपने नवाचारों से भारत में महत्वपूर्ण सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बदलाव लाए हैं। मुझे उम्मीद है कि इस साल के विजेता भी भारत के बढ़ते नवाचार और विविध सेवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन गवर्निंग काउंसिल के ऑनरेरी चेयरपर्सन अमित चंद्रा ने कहा, यह पुरस्कार नवाचार को आगे बढ़ाने के प्रति हमारी वर्षों पुरानी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। अब जबकि हम इन पुरस्कारों के 10वें संस्करण में हैं, मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स की नई पहचान के साथ हम उन विचारों को और मजबूती से समर्थन देंगे, जो बड़े बदलाव ला सकते हैं।

HSRP नंबर प्लेट की अनिवार्यता के खिलाफ 12 मार्च को दहिसर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का आंदोलन

मुंबई(उत्तरशक्ति)। महाराष्ट्र सरकार द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) को अनिवार्य किए जाने के फैसले के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने 12 मार्च को दहिसर में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह प्रदर्शन सुबह 11 बजे उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी (RTO) कार्यालय, कांदरपाड़ा, दहिसर पश्चिम, मुंबई-68 के सामने आयोजित किया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष दुबे ने महाराष्ट्र प्रदेश, मुंबई प्रदेश, जिला, तालुका और वार्ड स्तर के सभी कार्यकताओं से इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

HSRP नंबर प्लेट की अनिवार्यता से आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। यह नियम विशेष रूप से गरीब और मध्यमवर्गीय वाहन चालकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का कहना है कि सरकार को यह नियम अनिवार्य करने के बजाय वैकल्पिक रखना चाहिए, जिससे जनता को अनावश्यक खर्च से बचाया जा सके। ल्रफ्ढ नंबर प्लेट को सरकार ने वाहनों की सुरक्षा और चोरी रोकने के उद्देश्य से अनिवार्य किया है, लेकिन इसके लिए वाहन मालिकों को हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। पहले से ही महंगाई और ईंधन दरों की मार झेल रही जनता के लिए यह अतिरिक्त वित्तीय बोझ बन गया है।

मनीष दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के मुंबई मीडिया समन्वयक राजेश शर्मा ने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह से जनता के हित में है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की समस्याओं की अनदेखी करने से रोकने के लिए यह आवश्यक कदम उठाया गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने नागरिकों, वाहन मालिकों और पार्टी कार्यकताओं से इस आंदोलन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है, ताकि सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया जा सके।

एसएस इनोवेशन्स ने किया भारत की पहली मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट मंत्राएम का अनावरण

पटना(उत्तरशक्ति)। भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निमार्ता एसएस इनोवेशन्स ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलटी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रैन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट -ह्यह्यएसएसआई मंत्राएमह्ल का अनावरण किया- अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर

आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकिसा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसके माध्यम से एसएस इनोवेशन्स मेड-टेक की सीमाओं को पार करने, सार्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। टेलीसर्जरी की आधुनिक क्षमता के साथ एसएसआई मंत्रा दूरदराज के वंचित क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रोबोटिक-असिस्टेड प्रक्रियाओं को सुलभ बनाकर सर्जिकल केयर की सभी बाधाओं को दूर कर रही है। टेली सिंक मोबाइल युनिट में एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल है जो रिमोट एवं ऑन-साईट सर्जिकल टीम के बीच रियल टाईम सहयोग को सुनिश्चित करता है। इस इनोवेशन के जरिए सर्जन न्यूनतम लेटेंसी के साथ प्रक्रिया को पूरा कर सकता है, इस तरह आधुनिक सर्जिकल केयर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाती है। एसएसआई मंत्राएम के लॉन्च पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, ह्यह्यएसएसआई मंत्राएम एक मोबाइल टेलीसर्जिकल युनिट से कहीं बढ़कर है। यह विश्वस्तरीय स्वास्थ्यसेवाओं में आधुनिक बदलाव लाने का एक आंदोलन है। हाई-स्पीड टेलीकम्युनिकेशन एवं सैटेलाईट कनेक्टिविटी के साथ यह भौगोलिक बाधाओं को दूर करता है तथा उन वंचित समुदायों के लिए जीवन रक्षक रोबोटिक-असिस्टेट सर्जरी को सुलभ बनाता है, जो इससे वंचित हैं।

बंद कताई मिलों पर लगेंगे नए उद्योग

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। राजधानी लखनऊ में सोमवार को सूबे की योगी सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक की गई। बैठक लोकभवन में आयोजित की गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 19 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सभी को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं।

योगी मंत्रिपरिषद की बैठक में बंद पड़ी कताई मिलों पर नए उद्योग लगाने को मंजूरी मिली। टैक्सफेड ग्रुप के अंतर्गत उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी कताई मिलों की 451.20 एकड़ भूमि के औद्योगिक प्रयोग के लिए यूपीसीडा को निःशुल्क हस्तांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। उप्र सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी इकाइयों में महमूदाबाद (सीतापुर) में 71.02 एकड़, फतेहपुर में 55.31 एकड़, मऊआइमा (प्रयागराज) में 85.24 एकड़, बहादुरगंज (गाजीपुर) में 78.92 एकड़, कम्पिल (फरुर्खाबाद) में 82.15 एकड़ और बुलंदशहर में 78.56 एकड़ भूमि यूपीसीडा को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इन भूमियों पर नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की जाएगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत डीटीआईएस की स्थापना के लिए एसपीवी को 0.8 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क हस्तांतरित करने को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है। डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक कॉमन टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर के रूप में किया जाएगा।

लाइटिंग इंडस्ट्री के नए ट्रेंड्स और अत्याधुनिक तकनीकों का भव्य मंच

मुंबई (उत्तरशक्ति)। ऑटोमेशन, कस्टमाइजेशन, इंटेलिजेंस और ऊर्जा दक्षता के आराम को मिलाकर - लाइटिंग उद्योग विभिन्न नवाचारों के साथ उभर रहा है। मेसे फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर इंडिया द्वारा आयोजित, एलईडी एक्सपो मुंबई भारत का एकमात्र समर्पित मंच है जो प्रकाश से जुड़ी हर चीज को कवर करता है। 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के साथ लगभग 6,000 से ज्यादा उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए, एलईडी एक्सपो मुंबई का आगामी संस्करण 3 से 5 अप्रैल 2025 तक बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई में आयोजित किया जाएगा, जिसका आयोजन मेसे फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर इंडिया द्वारा किया जाएगा।

एलईडी एक्सपो मुंबई में एलईडी लाइटिंग समाधानों का अनूठा

समामेलन प्रस्तुत किया जाएगा, जो न केवल लाइटिंग उद्योग की सेवा करेगा, बल्कि स्मार्ट लाइट्स, डिजाइन और सजावट के लिए एलईडी, वायुमंडलीय प्रकाश व्यवस्था और स्वास्थ्य के लिए एलईडी और प्रकाश अनुप्रयोगों में बायोमिमिक्री जैसे समस्या-समाधान नवाचारों जैसी अपेक्षाकृत नई अवधारणाओं पर भी गहराई से चर्चा करेगा। आगामी संस्करण में 20 से अधिक प्रदर्शकों के साथ इलेक्ट्रिकल सेगमेंट में वृद्धि दर्ज की गई है।

अपने विचार व्यक्त करते हुए मेस्से फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक श्री राज मानेक ने कहा, भारतीय बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसने एलईडी लाइटिंग उद्योग के लिए नए रास्ते खोले हैं। रोशनी से परे, एलईडी तकनीक सौंदर्यीकरण परियोजनाओं, इनडोर और आउटडोर सजावट, स्वास्थ्य, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक स्थानों की लाइटिंग जैसे कई अन्य अनुप्रयोगों के साथ क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। एलईडी लाइट्स - ऊर्जा कुशल होने के अलावा अधिक चमकदार होती जा रही हैं, जिससे ऊर्जा की खपत कम हो रही है। मुझे यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि एलईडी और लाइटिंग उद्योग एक बार फिर एलईडी एक्सपो मुंबई 2025 में एकजुट होंगे और भविष्य के लिए नवाचारों को प्रस्तुत करेंगे, जिसकी ओर भारत आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने इलेक्ट्रिकल सेगमेंट से भागीदारी में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत हुआ है।

गरीब कामगारों और नेत्र बाधित कन्याओं के लिए 'टंडन नेत्र चिकित्सालय' का शुभारंभ

मुंबई (उत्तरशक्ति)। समाजसेवा और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कदम बढ़ाते हुए प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ. अशोक टंडन ने रविवार को अंधेरी (पश्चिम) के जेपी रोड, मनीष नगर स्थित 'अडानी इंस्पायर' में 'टंडन नेत्र चिकित्सालय' का शुभारंभ किया। इस चिकित्सालय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, खासतौर पर गरीब कामगारों और नेत्र बाधित कन्याओं को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान करना है। इस अवसर पर डॉ. टंडन ने कहा कि आज भी समाज में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी आंखों का उचित इलाज नहीं करवा पाते और दृष्टिहीनता का शिकार हो जाते हैं। ऐसे ही जरूरतमंदों को रोशनी और खुशियों की सौगात देने के उद्देश्य से यह चिकित्सालय शुरू किया गया है।

'सुदृष्टि योजना' के तहत मिलेगा मुफ्त उपचार

डॉ. टंडन ने बताया कि इस पहल के तहत 'सुदृष्टि योजना' चलाई जाएगी, जिसके अंतर्गत हर सप्ताह एक दिन गरीब कामगारों और नेत्र बाधित कन्याओं का मुफ्त में इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में सक्षम लोगों की सेवा तो कई लोग करते हैं, लेकिन जरूरतमंदों और अक्षम व्यक्तियों की सेवा करना सच्चे पुण्य का कार्य है।

मनपा के/पश्चिम प्रभाग समिति की पूर्व अध्यक्ष सुधा सिंह ने कहा कि टंडन नेत्र चिकित्सालय जरूरतमंदों को रोशनी देने का जो प्रयास किया है,वह निश्चित रूप से एक मिसाल बनेगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनपा के/पश्चिम प्रभाग समिति की पूर्व अध्यक्ष सुधा सिंह, अभिनेता दीपक परासर, पूर्व विधायक बलदेव खोसा, पूर्व विधायिका डॉ. भारती लवेकर, संजय निरुपम, रूमी जाफरी, धीरज कुमार, सीमा कपूर, आमिर अली, अहाना कुमरा, रूना रिजवी, शिवमानो और रेनू बीआर चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विश्व महिला दिवस पर महिला उत्थान मंडल द्वारा विशाल संकीर्तन यात्रा संपन्न

मुंबई। 8 मार्च विश्व महिला दिवस के अवसर पर गोरेगाँव - मुंबई में संत श्री आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल द्वारा विशाल संस्कृति रक्षा यात्रा निकाली गई ।

बहुत सो चुकी अब तो जागो, ओ नारी कल्याणी ।
परिवर्तन के स्वर से भर दो, निज गौरव की वाणी ।।

इन नारी जागृति के स्वरों से पूरा वातावरण गूँज गया । आज पाश्चात्य अंधानुकरण से प्रभावित मॉडर्न फेमिनिजम के नाम पर भारत की नारियों की भावना शक्ति का दुरूपयोग किया जा रहा है और उनमें ठ्टासना, फैशनपरस्ती, अश्लीलता फैलाने वाली संकीर्ण विचारधारा भरी जा रही है जिसका दुष्परिणाम समस्त नारी जाति और समाज को भुगतना पड़ रहा है । नारीशक्ति को अपनी ही प्राचीन सनातनी भारतीय संस्कृति के विरूद्ध किया जा रहा है । इन्हीं सब षडयंत्रों से लोहा लेने के लिए विश्ववंदनीय संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से महिला मंडल की स्थापना की गई जिसके द्वारा सच्चे मायनों में नारियों में धर्मरक्षा, राष्ट्ररक्षा के साथ साथ सामाजिक उत्थान के विभिन्न प्रकल्प चलाए जा रहे हैं । नारी जाति का आध्यात्मिक विकास होकर नारी अपने नारायणी स्वरूप में जगे और अपने कर्तव्यों के साथ साथ अपनी महान सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए भी सशक्त हो इन्हीं दिव्य संदेशों को प्रसारित करती यह यात्रा भव्य रूप से निकाली गई।

इस यात्रा में महिला उत्थान मंडल की समस्त महिला पदाधिकारी, संत श्री आशारामजी आश्रम गोरेगाँव मुंबई के संचालक सुरेश द्विवेदी, श्री योगवेदांत सेवा समिति मुंबई के अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, युवा जागृति संघ के संस्थापक विनय मिश्रा, समाज विकास सेवा संघ के महासचिव कन्हैया लाल यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे । महिलाओं नें खूब बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लेते हुए सरकार व न्यायालय से माँग की है कि उनके 86 वर्षीय निर्दोष गुरूदेव संत श्री आशारामजी बापू को 12 वर्षों से एक निहायत अप्रमाणित बोगस केस के कारण जेल में रखा गया है । अब उनपर और अत्याचार नहीं होना चाहिए । सरकार उन्हें तत्काल निर्दोष रिहा करे ।

सजनलाल अग्रहरि के आवास पर श्रीसत्यनारायण कथा सुंदर पाठ का आयोजन

कल्याण (उत्तरशक्ति)। कल्याण पश्चिम लाल चौकी सुभाष नगर थाने महाराष्ट्र में श्री सत्यनारायण कथा व सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन दिनांक 10 मार्च 2025 दिन सोमवार को कल्याण मुंबई अग्रहरि वैश्य समाज संघ के अध्यक्ष सजनलाल मोतीलाल अग्रहरि के आवास पर रखा गया था। जिसमें पंडित संजय मिश्रा के मार्गदर्शन तथा अध्यक्ष डोम्बिवली शिव कुमार मूलचंद वैश्य के सहयोग से रखा गया था। उस शुभ अवसर पर मुम्बई अग्रहरि वैश्य समाज संघ के श्रीकांत सजनलाल अग्रहरि , दिनेश सजनलाल अग्रहरि , राधा सजनलाल अग्रहरि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पंडित संजय मिश्रा के मुखारविंद से श्री सत्यनारायण कथा का पाठ किया गया। सत्यनारायण कथा के समापन के बाद महा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।

युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली हुडदंग

मुंबई। हरजु गरजु संघ एवम युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा होली हुड़दंग का आयोजन शुक्रवार दिनांक 14 मार्च 2025 को प्रातः 10.30 बजे से 1.30 बजे तक भान बाई निवास, गोकुल हास्पिटल के सामने,म.गांधी रोड, मुलुंड प. पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक नरेंद्र भारती एवं टीम होली गीतों, लोक गीतों से मनोरंजन करेंगे। आयोजक डॉ. बाबूलाल सिंह एवं डॉ. सचिन सिंहने सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित रह कर एक दुसरे से गले मिलने, रंग, गुलाल लगाने एवं होलीगीतों,भोजपुरी गीतों का आनंद उठाने का अनुरोध किया है।

गरीब कामगारों और नेत्र बाधित कन्याओं के लिए 'टंडन नेत्र चिकित्सालय' का शुभारंभ

मुंबई। समाजसेवा और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कदम बढ़ाते हुए प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ. अशोक टंडन ने रविवार को अंधेरी (पश्चिम) के जेपी रोड, मनीष नगर स्थित 'अडानी इंस्पायर' में 'टंडन नेत्र चिकित्सालय' का शुभारंभ किया। इस चिकित्सालय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, खासतौर पर गरीब कामगारों और नेत्र बाधित कन्याओं को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान करना है। इस अवसर पर डॉ. टंडन ने कहा कि आज भी समाज में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी आंखों का उचित इलाज नहीं करवा पाते और दृष्टिहीनता का शिकार हो जाते हैं। ऐसे ही जरूरतमंदों को रोशनी और खुशियों की सौगात देने के उद्देश्य से यह चिकित्सालय शुरू किया गया है। 'सुदृष्टि योजना' के तहत मिलेगा मुफ्त उपचार- डॉ. टंडन ने बताया कि इस पहल के तहत 'सुदृष्टि योजना' चलाई जाएगी, जिसके अंतर्गत हर सप्ताह एक दिन गरीब कामगारों और नेत्र बाधित कन्याओं का मुफ्त में इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में सक्षम लोगों की सेवा तो कई लोग करते हैं, लेकिन जरूरतमंदों और अक्षम व्यक्तियों की सेवा करना सच्चे पुण्य का कार्य है। मनपा के/पश्चिम प्रभाग समिति की पूर्व अध्यक्ष सुधा सिंह ने कहा कि टंडन नेत्र चिकित्सालय जरूरतमंदों को रोशनी देने का जो प्रयास किया है,वह निश्चित रूप से एक मिसाल बनेगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनपा के/पश्चिम प्रभाग समिति की पूर्व अध्यक्ष सुधा सिंह, अभिनेता दीपक परासर, पूर्व विधायक बलदेव खोसा, पूर्व विधायिका डॉ. भारती लवेकर, संजय निरुपम, रूमी जाफरी, धीरज कुमार, सीमा कपूर, आमिर अली, अहाना कुमरा, रूना रिजवी,शिवमानो और रेनू बीआर चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने कन्या विवाह व शिक्षा के लिए दिया आर्थिक सहयोग

मुंबई (उत्तरशक्ति)। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट शिक्षा, विवाह, और चिकित्सा के लिए जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करता रहा है। संस्था से देशभर के हजारों लोग जुड़े हैं, जो अपनी सामर्थ्य के अनुसार आर्थिक सहायता देकर जरूरतमंद परिवारों का संबल बनते हैं। हाल ही में गोरखपुर जिले की एक बेटी, जिसके पिता नहीं हैं और माता घर में काम करके परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, की शादी अप्रैल माह में तय हुई है। इस परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मुंबई-भायंदर निवासी श्यामराज प्रजापति ने संस्था के प्रमुख अजय प्रजापति को जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात, संस्था के सचिव विनोद प्रजापति, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत प्रजापति, दिल्ली से पियूष प्रजापति, हरियाणा से राकेश प्रजापति, मुंबई से रविंद्रनाथ प्रजापति सहित सैकड़ों सहयोगियों ने मिलकर आर्थिक सहायता का संकल्प लिया। इस अभियान के तहत कन्या विवाह हेतु 26,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसमें 11,000 और 15,000 दो अलग-अलग चेक के माध्यम से सीधे खाते में जमा किए गए। इसके अलावा, राजस्थान की आयुषी वर्मा, जिसकी स्कूल फीस बकाया थी, को भी तत्काल सहायता प्रदान करते हुए संस्था ने 5,000 की राशि स्कूल में जमा कराई। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण प्रजापति जल्द ही गोरखपुर जाकर विवाह के लिए अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान करने की योजना बना रहे हैं। सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट का यह प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

सांगली के विधायक देशमुख से औपचारिक मुलाकात

मुंबई। झवेरी बाजार में माता जी के दर्शन करने के लिए आए सांगली के विधायक देशमुख शनि सिंगापुर के मुख्य ट्रस्टी योगेश वानकर से आज खास मुलाकत हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गुप्ता बुक सेंटर के मालिक हौशिला प्रसाद गुप्ता, जेके ब्रदर्स के मालिक उधोगपति कन्हैयालाल काकड़, बीजेपी के कल्याण मण्डल कोषाध्यक्ष संजय तिवारी, पत्रकार शिवा जायसवाल और तमाम लोग मौजूद रहे।

बाबा विश्वनाथ संग भक्तों ने खेली होली, रंगों में डूबी काशी

-सुरेश गांधी

वाराणसी। द्वापर युग के सबसे बड़े नायक, संसार को गीता का ज्ञान और जीवन का सत्य बताने वाले भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली वृंदावन रंगों से सराबोर है। ऐसे में सृष्टि के पालनहार काशीपुराधिपति भगवान भोलेनाथ की नगरी भला कैसे अछूती रह सकती है। और जब मौका हो रंगभरा एकादशी का तो बात ही कुछ अलग हो जाती है। भक्तों के भक्ति का ही कमाल है इस दिन बाबा विश्वनाथ खुद अपने भक्तों संग होली खेलते हैं। सायंकाल मंदिर परिसर में औघड़दानी भूतभावन के राजसी ठाटबाट में फूलों से सजी पालकी में बाबा और गौरा की चल रजत प्रतिमा की शोभायात्रा निकली तो भक्तों ने डमरु व शंख की गूंज के बीच जमकर धमाल मचाया। पूरा कॉरिडोर हर- हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा। पूरा परिसर भक्तों से इस कदर पटा मानो पूरे श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र में उत्साह -उल्लास का समंदर लहरा उठा हो। भक्तों ने भोलेनाथ को गुलाल से लाल कर नेग के तौर पर होली खेलने और हुड़दंग मचाने की अनुमति ली। इसी के साथ ही भोलेनाथ की नगरी में छह दिवसीय होली उत्सव की शुरूआत हो गई है।

गोधूलि बेला में मंदिर चौक से डमरू के गगनभेदी नाद, शंख की मंगल ध्वनि एवं शास्त्री अर्चन और

अबीर- गुलाल, फूलों की वर्षा के बीच फूलों से सुसज्जित रजत पालकी पर श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं माता गौरा की चल रजत प्रतिमा शोभायात्रा के रुप में निकाली गयी। भक्तों ने परम्परागत पोशाक में पालकी को कंधे पर उठाकर प्रांगण में भ्रमण कराया। इस दौरान हर हर महादेव एवं बम बम भोले के गगनभेदी उद्घोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में प्रत्येक श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से पालकी को स्पर्श करने और देवाधिदेव महादेव एवं मां गौरा की मनमोहन छवि को हृदय में बसाने के लिए आतुर दिखा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ महादेव के दिव्य धाम में रंगभरी एकादशी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर न्यास की ओर से प्रत्येक परंपरा का निर्वहन करते हुए श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं माता गौरा का शास्त्रोक्त विधि से पूजन अनुष्ठान किया गया। रंगभरी एकादशी उत्सव में महादेव के अनन्य भक्त काशीवासियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रत्येक परंपरा के निर्वहन में अपनी भूमिका निभाई और समारोहपूर्वक विधि- विधान से प्रत्येक परम्परागत अनुष्ठान को संपन्न करने में मंदिर न्यास का पूर्ण सहयोग किया।

उत्सव में शामिल हुए काशीवासी एवं श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं मां गौरा को फूलों की पंखुड़ियां, अबीर- गुलाल अर्पित कर आनंदित होते रहे। फूलों से सुसज्जित रजत पालकी पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं माता गौरा की मनभावन चल रजत प्रतिमा की शोभायात्रा में शामिल होकर भक्तगण धन्य हो गए। गोधूलि बेला में मंदिर चौक से डमरू के गगनभेदी नाद और शंख की मंगल ध्वनि के बीच शास्त्री अर्चन करते हुए श्री विश्वेश्वर महादेव एवं मां गौरा की पालकी यात्रा प्रारंभ की गई। भक्तों ने परंपरागत पोशाक में पालकी को कंधे पर उठाकर प्रांगण भ्रमण कराया। पालकी पर शोभायमान श्री विश्वेश्वर महादेव एवं मां गौरा की प्रतिमा की अद्वितीय आभा ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। पालकी यात्रा में शामिल प्रत्येक भक्त इस क्षण को अपने हृदय में बसने के लिए आतुर रहा। हर हर महादेव के गगनचुंबी उद्घोष और बम बम भोले के अटूट जयघोष के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ती रही। उड़ते अबीर- गुलाल और फूलों की पंखुड़ियां की वर्षा के बीच देवाधिदेव महादेव एवं माता गौरा की पालकी शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से होते हुए श्री काशी विश्वनाथ महादेव के गर्भगृह पहुंची। शोभायात्रा में प्रत्येक श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से पालकी को स्पर्श करने और देवाधिदेव महादेव एवं मां गौरा की मनमोहन छवि को हृदय में बसाने के लिए उत्साहित रहा। गर्भगृह में शोभायात्रा पहुंचने पर विधि- विधान से श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं मां गौरा की चल रजत प्रतिमा का पूजन अर्चन किया गया।

प्रातः काल से ही चलता रहा रंगभरी एकादशी का पूजन अनुष्ठान

प्रातः काल से ही रंगभरी एकादशी का पूजन अर्चन अनुष्ठान प्रारंभ कर दिया गया मंदिर प्रांगण में श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं मां गौरा की चल रजत प्रतिमा का विधि- विधान से शास्त्रीय अर्चन कर पूजन अनुष्ठान किया गया। मंदिर न्यास की ओर से महादेव एवं माता गौरा को वस्त्र, चंदन, भस्म, पुष्प, अबीर- गुलाल, भोग, मेवा मिष्ठान अर्पित की गई। पूजन के पश्चात रजत पालकी पर श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं मां गौरा को मंदिर चौक लाया गया। मंदिर चौक पर महादेव एवं मां गौरा की चल रजत प्रतिमा का भक्तगण दर्शन लाभ लेकर फूलों की पंखुड़ियां, अबीर- गुलाल अर्पित करने के बाद आपस में अबीर- गुलाल लगाकर रंगोत्सव की खुशियां बांटते रहे। रंगभरी एकादशी उत्सव में विश्वेश्वर महादेव का प्रांगण पूरे उमंग और उत्साह से सराबोर रहा। भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु अपने आराध्य देवाधिदेव महादेव एवं माता गौरा को पूरे भाव से अपनी भक्ति अर्पित करते रहे। मंदिर न्यास की ओर से सभी काशीवासियों एवं श्रद्धालुओं का बड़े ही आदर एवं आत्मीय भाव से स्वागत किया गया। इस संपूर्ण आयोजन को लोकमानस के निकट रखते हुए परंपरागत रूप से संपन्न करने के लिए मंदिर न्यास निरंतर प्रयासरत रहा। मंदिर न्यास ने काशीवासियों से अपने आराध्या के इस विशेष पर्व में शामिल होकर परंपराओं का निर्वहन करने का निवेदन किया था, जिसे प्रत्येक काशीवासी ने सहर्ष स्वीकार कर इस उत्सव को उमंग और उत्साह से संपूर्ण कराया।

रंगभरी एकादशी के त्रिदिवसीय उत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन सोमवार को सायंकाल मंदिर चौक के शिवार्चनाम मंच पर सुर और लाल की सरिता बही जिसमें श्रद्धालुओं ने गोते लगाए। सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि शहर दक्षिणी के विधायक एवं उप्र सरकार के पूर्व मंत्री श्री डा नीलकंठ तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलाकारों ने महादेव एवं माता गौरा से संबंधित भक्ति भजनों को प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु इस कदर लीन हुए कि भक्ति रस में डूबकर झूमने लगे। देर शाम तक कलाकारों की प्रस्तुतियां जारी रही जिसका रसपान प्रांगण में मौजूद भक्तगण करते रहे। श्री काशी विश्वनाथ धाम में रंगभरी एकादशी का उत्सव और उल्लास कण-कण में नजर आया। श्रद्धालुओं ने सोमवार को बाबा और गौरा को हल्दी लगाकर गुलाल अर्पित किया। काशीवासियों समेत दूर-दराज से काशी आए सभी श्रद्धालु इस उत्सव में पूरी श्रद्धा एवं उमंग के साथ शामिल होकर परंपरा का निर्वहन किया। बाबा के गौना पर संगीत संध्या शिवार्चनम में सुर साज गूंजे। अब पांच दिन तक घाटों से लेकर गलियों तक होलियाना बहार छाई रहेगी। लोगों को एक दूसरे के साथ जमकर होली खेलते देखा जा रहा है।

मेवाड़ माहेश्वरी मण्डल मुंबई होली स्नेहमिलन समारोह संपन्न

मुंबई। मुंबई स्थित राजस्थान के मेवाड़ संभाग के प्रवासी माहेश्वरी परिवारों द्वारा गत ३५ वर्षों से स्थापित मेवाड़ माहेश्वरी मण्डल मुंबई द्वारा होली स्नेह मिलन का सफल आयोजन मुम्बई के बोरिवली स्थित माहेश्वरी प्रगति मण्डल प्लॉट पर हजारों समाजबंधुओं की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवि सुरेश मिश्र के संचालन में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।

जिसमें डॉ. सुरेन्द्र यादवेंद्र, सुनील सावरा, राना तबस्सुम ने उपस्थित श्रोताओं को लोटपोट कर दिया । संस्था के अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी ने मण्डल की वर्तमान गतिविधियों व आगामी योजनाओं से समाजबंधुओं को अवगत कराया । इस अवसर पर दुबई के चैंपियन ट्रॉफी फाइनल मैच की लाइव स्क्रीनिंग भी रखी गई थी। भारत की विजय पर उपस्थित सदस्यों ने मिलकर सामूहिक नृत्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सचिव राकेश कोगटा, वित्तसचिव गोपाल सोमानी ,संयोजक नितिन मनियार,कमलेश बाहेती, राकेश मंडोवरा,ललित सोनी,राजेश मंडोवरा,राजेश जागेटिया,किशोर काबरा कैलाश धुप्पर,किशोर काबरा, ओमप्रकाश बाहेती सहित सभी सदस्यों ने अपना सक्रिय योगदान दिया। मेवाड़ माहेश्वरी समाज धार्मिक व सेवा सहयोग के आयोजनों मे भी काफी अग्रसर व सक्रिय है । विशेष सहयोगी सदस्यों का सम्मान किया गया। आयकर आयुक्त प्रसून काबरा ने उपस्थित रहकर कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाये और आशीर्वाद दिए।

टोयोटा ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया

पटना । टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोजाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 44 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देश्यीय वाहन (आईएमवी) प्लेटफॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है।

प्रशस्ति पत्र देकर जवानों को किया सम्मानित

फाफामऊ। महाकुम्भ मेला सम्पन्न होने के उपरान्त 101 आर0एफ0एफ के प्रांगण में अधिकारीगणों व जवानों को मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट, 101-आर0एफ0एफ द्वारा प्रशस्ति पत्र व नगद पारितोषिक प्रदान किया गया।

जैसा कि विदित है, कि दिव्य भव्य महाकुंभ का आयोजन दिनांक 13/01/2025 से 26/02/2025 तक प्रयागराज (उ०प्र०) मे किया गया था। जिसमे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सहायता हेतु मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट, 101-आर0एफ0एफ के नेतृत्त्व में 101 द्रुत्त कार्य बल के कम्पनियों की तैनाती की गई थी। जिसमे अधिकारीयों व जवानों ने तैनाती के दौरान, अपने आराम की परवाह न करते हुए सौपी गयी समस्त ड्यूटियो का निवर्हन अथक परिश्रम, लगन, कर्तव्यपरायणता, पूर्णनिष्ठा एवं ईमानदारी से उक्त आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराया। जिसके लिए मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट, 101-आर0एफ0एफ ने उपस्थित अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों को धन्यवाद दिया तथा अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों को उत्कृष्ठ एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र व नगद पारितोषिक देकर हौसला अफजाही की। साथ ही कहा कि 'मुझे विश्वास है कि भविष्य में आप इसी मनोबल व लगन के साथ सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करते रहेंगें व बल का नाम ऊँचा रखेंगें। उक्त अवसर पर हरिओम सागर (द्वितीय कमान अधिकरी), पुनर्वसु तिवारी (द्वितीय कमान अधिकरी) यज्ञ कुमार सिंह (उप०कमा०), टी.एन. सिंह (उप०कमा०), नीरज कुमार (उप०कमा०), अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे।

पत्रकारों ने पद गोपनीयता की ली शपथ, आइकार्ड वितरण समारोह का आयोजन

फाफामऊ (उत्तरशक्ति)। सोमवार को थरवई में इलाहाबाद पत्रकार एसोसिएशन की ओर से पत्रकार परिचय पत्र का वितरण समारोह एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक सुभाष चंद्र मिश्र ने किया। समारोह सर्व प्रथम जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग बाजारीकरण का है इस स्थित में पत्रकारिता एक चुनौती पूर्ण कार्य है ऐसे में हम सभी को एक सजग प्रहरी बनकर कार्य करना होगा। समारोह में संगठन के नवनियुक्त जिला महामंत्री चंद्रभान सरोज और गंगापार महामंत्री अमर बहादुर चौरसिया को सम्मानित किया गया। संगठन की ओर से सत्र 2025 का सभी पत्रकारों को परिचय पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों ने अपने कर्तव्य को ईमानदारी व निष्ठा से करने के लिए पद गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में वक्ताओं ने पत्रकार की सुरक्षा और उनसे जुड़ी समस्याओं के साथ साथ पत्रकार डायरी और अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने के लिए भी चर्चा किया गया। समारोह में मौजीलाल रावत, राम कुमार प्रजापति, चंद्रभान बिंद, महेंद्र शुक्ला, गोपी केसरवानी, विजय पटेल, अनिल सोनी, शिव पंकज यादव, धीरेंद्र केसरवानी, धनंजय पांडेय, रमेश यादव, हरिप्रकाश गुप्ता, हरिओम, विजय चंद्र विश्वकर्मा, अंकित मिश्रा, महेंद्र वैश्य, अश्वनी मिश्रा, विपिन उपाध्याय आदि दर्जनों पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

लोगों ने शिवसेना शिंदे गुट में किया प्रवेश

वसई रोड । नवीन कार्यालय वसंत नगरी वसई रोड में शिव सेना के श्रद्धेय हिंदूहृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे एवं शिव सेना के प्रमुख नेता एकनाथजी शिंदे , पालघर जिला संपर्क प्रमुख रवीन्द्र फाटक ,महिला संपर्क प्रमुख भारती ताई गावकर, जिला प्रमुख निलेशजी तेंडोलकर एवं महिला अघाड़ी जिला संगठक श्रीमती शीतल नवीन कदम की सहमति से विरार पूर्व मनुवेलपाड़ा में महिला दिवस के अवसर पर योगेश कदम एवं नगर संगठक अनिता शेरखाने की ओर से हाल्दी कुमकुम एवं पार्टी का प्रवेश हुआ. जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया उनका उत्साह और शिव सेना के प्रति उनकी लगाव से पार्टी में बहुत खुशी हुई। इस अवसर पर महिला अघाड़ी जिला संगठक श्रीमती शीतल नवीन कदम, नगर प्रमुख उमेश दादा गोवेकर, उपतालुका संगठक अर्पिता पडवाल, उपनगर प्रमुख चंद्रकांत सातम, नगर संगठक पद्मा जाधव, श्रुतिका राठौड़ सहित अन्य महिला एवं पुरुष पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

स्वर्णकार विवाह मंच गंजबासौदा के संस्थापक राजकुमार सोनी का सम्मान

जबलपुर । सर्व स्वर्णकार समाज के उत्थान और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले स्वर्णकार विवाह मंच गंजबासौदा के संस्थापक संचालक राजकुमार सोनी श्रीमती सुनीता सोनी का जबलपुर नागौद होटल में समाज भाई द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें अनुराग सोनी श्रीमती प्रियंका सोनी, कैलाश सोनी, श्रीमती रेखा सोनी, ,ओपी सोनी, वृन्दावन सोनी, सुरेश सोनी, ब्रजेश सोनी आदि उपस्थित रहे एवं सभी समाज जन ने राज कुमार सोनी द्वारा चलाए जा रहे स्वर्णकार विवाह मंच गंजबासौदा की तारीफ की तथा स्वर्णकार भाईयों से इस मंच से जुड़ने के लिए अपील किया।

यूवा ने लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई

पटना। छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री सहज उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से नवनीत एज्युकेशन के ब्रांड यूवा ने ए4 आकार की लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई है, जिससे टिकाऊपन और किफायती दर का संतुलन बना रहे। यह निर्णय कच्चे माल की कीमतों में आई गिरावट के कारण लिया गया है। इसके चलते यूवा को कीमत कम करने का अवसर मिला और इस लाभ को छात्रों व प्रोफेशनल्स तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई 172 पृष्ठों की लॉन्ग बुक अब 65 रुपये में और 140 पृष्ठों की लॉन्ग बुक 55 रुपये की अविश्वसनीय कीमत पर उपलब्ध है।

होली पर विशेषांक : रेलिया बैरन पिया के लिहे जाय रे..

-लालशेखर सिंह

मुंबई। मालिनी अवस्थी जी जब ठुमका लगा के गाती हैं तो सामने अड़सी पड़ी मध्यमवर्ग की जनता झूम जाती है । यही सुर जब चंदन तिवारी उठाती है तो आंख नम हो जाती है यह फर्क कलाकार के वर्गीय चरित्र पर खड़ा होता है । हमारा विषय यह नही है कि कलाकार के अंदरूनी सोच को खंगालें । यह लोकगीत है । आज एक लोकगीत इसी विषय पर कुमुद जी ने उठाया है अनंतकुमार दास साब ने मैथिल में सुनाया है ।' मुलुक 'छोड़ ' परदेश ' गए कमासुत कि वजह से मुलुक का

गांव किस तरह भाँय भाँय करता है । कलकत्ता , बम्बई , आसनसोल , सूरत , अहमदाबाद में खड़ा गबरू बार बार पलट कर गांव लौट आता है , हकीकत में नही , खयालों में । हकीकत तो झोपड़पट्टी है । हकीकत और बहुत सारी जलालतें हैं । संडास पर खड़ी लंबी कतार है , बम्बे के पानी लेने का सिरफुटौवल है । खुद की बनी जली रोटी पर बुल्ल से चुवे आँसू की दो बूंद है ,ख्याल सामने खड़ा है गांव के ओसारे में मां के हाथ की मोटी हथपोइया रोटी और मक्खन का कटोरा है। तो कम्बख्त ! मुलुक छोड़ परदेश आया ही क्यों ?

- नही बुझौगे बाबू । कजरी में सुनाए की फगुआ में ?

ये गाना भर नही है , हमारी वाजिब तकलीफ है बाबू , नई नवेली मायके से बिआह के ससुराल आई है अकेले नही आई है असबाब के साथ सपना भी लेकर आई है । सैंया झुलनी मंगाए द एक ठो झुलनी बदे तरसाया , बलमुआ तोहरा पे राजी ना ₹ । आपकी भाखा में ' डिमांड ' है । उसकी ख्वाहिश है जो आपकी सबसे प्रिय है । चोली , तेल , फुलेल , अलता , झुलनी बाजूबंद । पिया भागता है जल्दी है रेल से भागता है । ख्वाइस की पूर्ति में रेल आती है । यही रेल बैरन बन जाती है । ' बरसे पनिया , टिकस गली जाय हो , रेलिया बैरन । शहर में बैठा बुद्धिविलाषी अंग्रेजी में लिखता है । शहर में आबादी का अतिरिक्त दबाव । काम की तलाश में गांव से पलायन कर आये गंवई लोंगो से समय विकराल हो रही है । कम्बख्त ! तुम कहाँ से आये हो ? शहर को उकसा कर गांव के खिलाफ खड़ा दो । कम से कम खबर तो बनेगी । उधर शहर गांव को पीट पीट कर खदेड़ रहा है यहां लोक से दर्दउठ रहा है ।

चैत में चुनरी रंगइबो हो रामा , पिया घर अइहैं ।